अधिकतम : 33°C
न्यूनतम : 22°C

# शाह टाइम्स

बरेली, गुरुवार 4 जून 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 183 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 17 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश में कभी सोना नहीं बेचा गया : केजरीवाल पेज 2



प्रज्ञानंद ने कार्लसन पर दूसरी जीत के साथ इतिहास रचा खेल टाइम्स



दरगाह बघरा एकता की प्रतीक सम्पादकीय



ईरान के केशम द्वीप पर अमेरिकी हमला, ईरान ने भी किया पलटवार पेज 12

# दिल्ली के होटल में लगी भीषण आग, 21 की मौत

## मालवीय नगर के होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए, होटल मालिक गिरफ्तार

16 लोग घायल, मृतकों में एक ही परिवार के आठ लोग शामिल, 11 मृतक अफ्रीकी नागरिक बताए गए

छह कमरों की थी परमिशन , बना लिए 25 कमरे, गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

होटल में प्रवेश और निकास के लिए था केवल एक ही रास्ता, आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर पाया काबू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां- सह-होटल में हुई भीषण आग की घटना में 21 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 16 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।

इस दुर्घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस हादसे में 11 मृतक अफ्रीकी नागरिक बताए गए हैं। होटल अग्निकांड ने गुरुग्राम के सेक्टर 46 निवासी राधेश्याम अग्रवाल परिवार को गहरा सदमा दिया है। परिवार के बुजुर्ग सदस्य राधेश्याम अग्रवाल मैक्स अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि उनकी पत्नी, बेटे, बहू, दो पोतियों और रिश्तेदारी से आए तीन अन्य लोगों की भी मौत हो गई। परिवार



दिल्ली में इलाज के लिए आया था, जो हादसे का शिकार हो गया। जांच में होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए हैं। अधिकारियों के अनुसार आग होटल के बेसमेंट में संचालित रेस्तरां 'लेमन ग्रीन' में लगी थी। सूत्रों के मुताबिक होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही रास्ता था, जिससे आपात स्थिति में लोगों को बाहर निकलने में भारी कठिनाई हुई। जांच में यह भी सामने आया है कि होटल को केवल छह कमरों के संचालन की अनुमति थी, जबकि वहां करीब 25 कमरे संचालित किए जा रहे थे और लगभग -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रधानमंत्री ने हादसे पर जताया दुख सहायता राशि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर में बुधवार सुबह एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों एवं घायलों के लिए सहायता राशि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की जान जाना एक दुखद घटना है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की

**■ मृतक आश्रितों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये अनुग्रह राशि का ऐलान**

कामना करता हूं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत समेत विश्वभर में तीन महीने तक सूखे की आशंका

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर में सूखे की आशंका बन रही है। भारतीय मौसम विभाग के बाद विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने मंगलवार देर रात वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की इस मौसम एजेंसी के मुताबिक, प्रशांत महासागर में तेजी से गर्म हो रहे समुद्री जल के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो बनने की आशंका 80 फीसदी है। नवम्बर तक इसके 90 फीसदी या उससे ज्यादा बने रहने की आशंका है। इन सबके बावजूद भारत में 2 एक्टिव सिस्टम यानी इंडियन ओशन डायपोल (आईओडी) और मैडेन-जूलियन आस्सिलेशन (एमजेओ) से मानसून बच सकता है। ये बादलों और हवाओं का एक ऐसा वैश्विक सिस्टम है तो मूमध्य रेखा पर घूमता रहता है।

### यूपी समेत 11 राज्यों में आंधी-बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर में आंधी-बारिश से पारा 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में बारिश हुई। यूपी के आगरा में करीब एक घंटे तक तेज बारिश से सड़कें और फुटपाथ धंस गए। इसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली, कारें और ट्रक पलट गए। एमपी के श्योपुर जिले में बुधवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मंगलवार को सिंगरौली में बिजली गिरने से किशोर की और नीमच में जर्जर मकान की छत गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई थी।

### विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल के बीच केंद्र सरकार ने भारतीय विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना को मंजूरी दी है। इससे उन्हें स्थिर दाम पर ईंधन मिल सकेगा और तेल विपणन कंपनियों को भी इस मद में बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

# डीके शिवकुमार कर्नाटक के सीएम बने

बेंगलुरु, वार्ता

**डीके शिवकुमार** ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान लिए हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था।

जी. परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। डीके शिवकुमार ने शपथ समारोह के लिए लोक भवन पहुंचे। उन्होंने वहां संतों का आशीर्वाद लिया।



**■ जी. परमेश्वर बने डिप्टी सीएम, सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली**

डीके शिवकुमार ने शपथ से पहले अपनी मां गौरम्मा के पैर छूकर उनका भी आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु में पूर्व बीजेपी सीएम और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा से उनके घर पर मुलाकात की। नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) का सदस्य नियुक्त किया गया। कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार देश के सबसे अमीर नेताओं में हैं। उनके पास 1413 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। वह रियल एस्टेट, खनन, होटल कारोबारी हैं।

# दिल्ली-NCR में पुराने ट्रकों व बसों को बदलने की योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण कम करने के लिए पुराने बीएस-4 या उससे पुराने ट्रकों और बसों को बदलने के लिए 9,585 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है।

यह योजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा लागू की जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक दो वर्षीय योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का वित्तपोषण आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड करेगी तथा इसका कार्यान्वयन सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

# सोना बेचने की रिपोर्टों का आरबीआई ने किया खंडन

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने विदेशी मीडिया में आई उन रिपोर्टों का जोरदार खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट को रोकने के लिए भारी मात्रा में सोना बेचा है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि ये रिपोर्ट सही नहीं हैं। उसने कहा कि वह हर महीने उसके पास पड़े

**■ रिजर्व बैंक ने कहा: हर महीने उसके पास पड़े भौतिक सोने के आंकड़े जारी करता है**

भौतिक सोने के आंकड़े जारी करता है। बैंक ने स्पष्ट किया गया है कि मई में जारी पिछली रिपोर्ट उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी में टूट पड़ गई है। पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायकों ने अलग गुट बना लिया है।

इन्होंने बुधवार को विधानसभा स्पीकर रथिंद्र बोस को समर्थन पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि ऋतब्रत विधायक दल के नेता हैं और उन्हें नेता विपक्ष घोषित किया जाए। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली



**■ ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना गया, स्पीकर ने उन्हें नेता विपक्ष माना**

साहा को उपनेता जबकि अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। ऋतब्रत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दो और विधायक हमारे साथ हैं। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। ममता के पास अब 22 विधायकों का समर्थन है। टीएमसी ने 294 सीटों में से 80 सीटें जीती थीं। इसी बीच सीनियर लीडर कुणाल घोष ने बताया कि टीएमसी एमएलए फिरहाद हकीम ने कोलकाता के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष के चयन से जुड़े प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था।



## संक्षिप्त समाचार

### रसोइयों व विद्यालयी कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजी. बीवी) और पीएम पोषण योजना से जुड़े हजारों कर्मियों एवं उनके परिवारों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविध उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार का उद्देश्य शिक्षा और पोषण व्यवस्था को मजबूत बनाने वाले कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मयोगी कल्याण की अवधरणा के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेशव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। शिक्षा निदेशक (बेसिक) अनिल भूषण चतुर्वेदी ने इस संबंध में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

### सीआईके ने कश्मीर घाटी में तलाशी अभियान चलाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) शाखा ने बुधवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले की जांच के सिल. सिले में घाटी में कई जगहों पर तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान कुलगाम, अनंतनाग, श्रीनगर, बांदीपोरा, सोपोर और कुपवाड़ा सहित कई जिलों में चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि ए छापेमारी एजेंसी द्वारा जांच किए जा रहे एक आतंकवाद-संबंधी मामले की चल रही जांच के तहत की गई है। उन्होंने कहा, ष्तलाशी अभियान फिलहाल जारी है। मामले से संबंधित विस्तृत जानकारी बाद में साझा की जाएगी।

## संगठन और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने की बनाई रणनीति

# मिशन 2027 के तहत योगी सरकार का प्रशासनिक दांव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ और नए मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ और नए मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। हाल ही में मंत्रिमंडल में शामिल किए गए मंत्रियों को भी महत्वपूर्ण जिलों का प्रभार दिया गया है।

भाजपा सरकार के इस कदम को वर्ष 2027 के विधनसभा चुनावों से पहले संगठन और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत वरिष्ठ मंत्री भूपेंद्र चौधरी को आगरा के साथ कासगंज जिले का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। हाल ही में कैबिनेट में शामिल हुए मनोज पांडेय को सीतापुर का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अजीत पाल को फतेहपुर, समेंद्र तोमर को मुजफ्फरनगर, हंसराज विश्वकर्मा को सोनभद्र तथा सुरेन्द्र दलेर को बुलंदशहर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैबिनेट मंत्रियों में सूर्य प्रताप शाही को अयोध्या और बस्ती, सुरेश कुमार खन्ना को वाराणसी और लखनऊ, स्वतंत्र देव सिंह को प्रयागराज और गोरखपुर, बेबी रानी मौर्य को इटावा और हाथरस, लक्ष्मी नारायण चौधरी को अलीगढ़ और फिरोजाबाद तथा जयवीर सिंह को झांसी और फर्रुखाबाद का प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार धर्मपाल सिंह को गाजियाबाद और रामपुर, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को मिर्जापुर और चित्रकूट, अनिल राजभर को आजमगढ़ और सिद्धार्थनगर, राक. ेश सचान को रायबरेली और कन्नौज तथा अरविन्द कुमार शर्मा को जौनपुर और भदोही की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा योगेन्द्र उपाध्याय को कानपुर नगर, आशीष पटेल को गोंडा, संजय निषाद को कानपुर देहात, ओम प्रकाश राजभर को अंबेडकरनगर, दारा सिंह चौहान को कुशीनगर और श्रावस्ती, सुनील कुमार शर्मा को सहारनपुर तथा अनिल कुमार को मुरादाबाद का प्रभारी बनाया गया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के स्तर पर नितिन अग्रवाल को लखीमपुर खीरी, कपिल देव अग्रवाल को बिजनौर, रवीन्द्र जायसवाल को गाजीपुर, सन्दीप सिंह को मथुरा, गुलाब देवी को अमरोहा तथा गिरीश चन्द्र यादव को सुल्तानपुर का प्रभार सौंपा गया है। वहीं धर्मवीर प्रजापति को मैनपुरी, असीम अरुण को हरदोई और मेरठ, जे-पी-एस- राठौर को संभल और बरेली, दयाशंकर सिंह को देवरिया और मऊ, नरेन्द्र कुमार कश्यप को शाहजहांपुर, दिनेश प्रताप सिंह को बांदा और बहराइच, अरुण कुमार सक्सेना को बदायूं तथा दयाशंकर मिश्र दयालु को बलिया और महराजगंज का प्रभार सौंपा गया है।

### संविदाकर्मियों को हटाने की शिकायतों पर सख्त हुए ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** उप्र के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने विद्युत विभाग में संविदाकर्मियों को कार्य से हटाए जाने की मिल रही शिकायतों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिना उचित और वैध कारण किसी भी संविदाकर्मी को नौकरी से न हटाया जाए।

## वाराणसी में अजबैग शहीद मस्जिद ध्वस्त

**वाराणसी, वार्ता**

■ काशी मॉडल स्टेशन परियोजना के तहत की कार्रवाई

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी रेलवे स्टेशन के विस्तार एवं आधुनिकीकरण परियोजना के तहत मंगलवार देर रात आदमपुर थाना क्षेत्र के राजघाट के निकट स्थित अजगैब शहीद मस्जिद को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई रात लगभग 12 बजे शुरू की गई और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरी की गई। प्रशासन के अनुसार मस्जिद रेलवे की भूमि पर निर्मित थी और काशी मॉडल स्टेशन परियोजना के लिए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना आवश्यक था। कार्रवाई के दौरान रेलवे, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों, पीएसी तथा केंद्रीय बलों के जवानों की तैनाती की गई थी। पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव कुमार, पुलिस उपायुक्त वैभव बांगर, एसीपी विजय प्रताप सहित कई वरिष्ठ अधिकारी पूरी कार्रवाई की निगरानी करते रहे। कार्रवाई से पूर्व अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरि मीणा ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। भदऊ चुंगी स्थित किला कोहना इलाके में अजगैब शहीद मस्जिद के साथ मजार और कब्रिस्तान भी स्थित थे। मुस्लिम पक्ष का दावा है कि मस्जिद लगभग 200 वर्ष पुरानी थी। अधिकारियों का कहना है कि संबंधित भूमि रेलवे की संपत्ति है। उनके अनुसार, प्रारंभ में वहां मजार का निर्माण हुआ था, जिसके बाद मस्जिद और कब्रिस्तान विकसित किए गए।

## धर्मेंद्र प्रधान को बचाने की वजह बताएं मोदीः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े नए तथ्य लगातार सामने आ रहे

कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा है कि उनके मंत्रालय की अनियमितताओं के लगातार सामने आने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें बचाने में आमादा हैं और इसका जवाब उन्हें देश को देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के शीर्ष नेतृत्व का तबादला कर दिया गया है लेकिन प्रधान पद पर बने हुए हैं, जबकि उनके मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े नए तथ्य लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शिक्षा संबंधी संसदीय स्थाई समिति के समक्ष सीबीएसई अपने ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली की खरीद प्रक्रिया से जुड़े सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। उन्होंने दावा किया कि इन सवालों को सबसे पहले 18 वर्षीय छात्र सार्थक सिद्धांत ने सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया था, जिससे सीबीएसई और शिक्षा मंत्रालय में जवाबदेही की कमी उजागर हुई है। रमेश ने कहा कि एक मीडिया जांच में यह भी सामने आया है कि ओएसएम प्रणाली के ड्राई रन में शामिल कई प्रतिभागियों ने इसके क्रियान्वयन को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई थीं और सभी मूल्यांकनकर्ताओं को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने तक इसे लागू नहीं करने की सलाह दी थी। उनका आरोप है कि सीबीएसई ने इन सुझावों और तकनीकी आपत्तियों की अनदेखी करते हुए प्रणाली को लागू कर दिया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन करने में भी विफल रहा है। पहले 29 मई की समयसीमा बढ़ाई गई और बाद में एक जून की संशोधित समयसीमा भी पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि दो जून को पोर्टल शुरू होने के बाद भी अनेक छात्रों को उस तक पहुंचने और शुल्क जमा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय भ्रष्ट, अक्षम और असंवेदनशील तरीके से काम कर रहा है तथा विभिन्न सर्वेक्षणों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के समर्थकों द्वारा भी शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार प्रधानमंत्री उन्हें बचाने पर इतने क्यों अड़े हैं।

## देश में कभी सोना नहीं बेचा गयाः केजरीवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मोदी सरकार में देश के आर्थिक हालात बदतर हो चुके

आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि मोदी सरकार में देश के आर्थिक हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि सरकार को अब देश का सोना बेचना पड़ रहा है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने देश का सोना बेचने पर न सिर्फ मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश के आर्थिक हालात भी जनता के सामने रखने की मांग की है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट को साझा करते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले 76 साल में कई ऐसे मौके आए जब देश कठिन स्थिति में था लेकिन देश का सोना तो कभी नहीं बेचा गया। इसका मतलब हालात बहुत ज्यादा खराब हैं? सरकार कुछ बताती क्यों नहीं? देश के क्या हालात हैं? मोदी जी कहते हैं कि वो तो झोला उठा के चल देंगे। पर हमें तो यहीं रहना है, इसी देश में रहना है। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि कुछ दिन पहले तक देश को समझाया जा रहा था कि सोना मत बेचो, सोना भविष्य की सुरक्षा है। अब ब्लूमबर्ग की इस रिपोर्ट में खुलासा हो रहा है कि प्रधानमंत्री ने खुद ही देश का सोना बेच डाला। अगर देश को चलाने के लिए सोने का भंडार बेचने की मजबूरी जैसे हालात बन गए हैं, जो भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ, तो देश को साफ-साफ बताया जाना चाहिए कि आर्थिक हालात क्या हैं। सरकार सामने आए और सच बताए। देश को प्रचार नहीं, पारदर्शिता चाहिए। वहीं, आप के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि रेल, सेल, तेल, कोयला, गैस, पोर्ट, एयरपोर्ट, और आपका पेपर बेचने के बाद, आजाद भारत के इतिहास में पहली बार मोदी ने एक लाख 14 हजार करोड़ का देश का सोना भी बेच दिया। देश की आर्थिक हालत अति गंभीर है। मोदी तो झोला लेकर चल देंगे, आप सोंचिए आपका क्या होगा?

### दिल्ली होटल अग्निकांड पर मायावती ने जताया दुख

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे में लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में मायावती ने कहा कि राजधनी दिल्ली के मालवीय नगर के एक होटल में हुआ अग्निकांड बेहद दुखद है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आग से सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने तथा भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74346.17
निफ्टी 23405.60

सोना 156370 प्रति 10 ग्राम
चांदी 280000 प्रति किलो

## आईटी सेक्टर के दबाव में लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



आईटी सेक्टर में मुनाफावसूली से टीसीएस ने बीएसई में सबसे अधिक 8.43 प्रतिशत का नुकसान उठाया

आईटी सेक्टर में भारी बिकवाली होने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और टीसीएस का शेयर सबसे अधिक 8.43 प्रतिशत टूट गया।

बीएसई का संसेक्स 303.67 अंक (0.41 प्रतिशत) टूटकर 74,346.17 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 77.95 अंक यानी 0. 33 प्रतिशत नीचे 23,405.60 अंक पर रहा। बाजार पर आज सुबह के समय ज्यादा दबाव था। दोपहर तक सेंसेक्स 1,157 अंक लुढ़कर 73,492.60 अंक तक उतर गया था। इसके बाद बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में हुई लिवाली ने इसे 74,515.65 अंक तक चढ़ने में मदद की, हालांकि यह कभी हरे निशान में नहीं पहुंच सका। आईटी सेक्टर में मुनाफावसूली से टीसीएस ने बीएसई में सबसे अधिक 8.43 प्रतिशत का नुकसान उठाया। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर 6.23 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 5.25 प्रतिशत और इंफोसिस का 3.82 प्रतिशत गिर गया। आईटीसी में 2. 21 फीसदी, इटरनल में 1.48 फीसदी और एलएंडटी में 1.19 फीसदी की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीईएल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नीचे बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सेंसेक्स में सबसे अधिक 1.43 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.30 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.13, इंडिगो का 1.04 और पावरग्रिड का 1.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर रहे। वृहत बाजार में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0. 56 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.11 प्रतिशत लुढ़क गया। आईटी निफ्टी सूचकांक 5. 57 प्रतिशत लुढ़क गया। एफएमसीजी, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में भी अधिक गिरावट रही। बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर में सबसे ज्यादा लिवाली देखी गई, विशेषकर सार्वजनिक बैंकों में। स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों के सूचकांक भी ऊपर रहे। एनएसई में जिन 3,402 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,915 के शेयर गिरकर और 1,379 के बढ़त के साथ बंद हुए। अन्य 108 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्ति रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान में निक्केई 2.50 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 प्रतिशत ऊपर रहा जबकि हांगकांग का हैंग सेंग 1.56 प्रतिशत गिर गया। यूरा. ेपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.98 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41 प्रतिशत नीचे था।

## हरित ऊर्जा क्षेत्र में 44 लाख पूर्णकालिक रोजगार सृजन की क्षमताः रिपोर्ट

**नई दिल्ली, वार्ता**

देश का 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य और नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत निर्धरित उद्देश्य आने वाले समय में 44 लाख से अधिक रोजगार सृजित कर सकते हैं।

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) और नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल इंडिया (एनआरडीसी इंडिया) के एक नए अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। बुधवार को जारी अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि रूफटॉप सोलर सबसे बड़ा रोजगारदाता होगा, जिसकी कुल अनुमानित नई नौकरियों में लगभग 43 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। ड्राइविग एनर्जी ट्रांजिशनः वर्कफोर्स, स्किल्स, एंड जेंडर इन इंडियाज रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर' नाम से जारी यह रिपोर्ट नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तकनीकी मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। यह वर्ष 2024-25 में सौर, पवन, जैव ऊर्जा और जलविद्युत क्षेत्रों की कंपनियों के बीच किए गए एक प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधरित है। इस अध्ययन ने विभिन्न स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों और व्यवसाईकरण वाले चरणों में कर्मचारियों की जरूरत का आकलन करने के लिए नया पूर्णकालिक रोजगार गुणांक तैयार किया है। इसके जरिए उपकरणों के विनिर्माण, परियोजनाओं की स्थापना और संचालन में आने वाले प्रत्यक्ष रोजगार का आकलन किया गया है। भारत अब कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा, कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म् ोतों से हासिल करने का लक्ष्य समय से पांच साल पहले 2025 में पूरा कर चुका है। इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की संभावनाओं पर बात करते हुए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सचिव संतोष कुमार सारंगी ने कहा, ष्एक सफल हरित परिवर्तन के लिए लोगों की भागीदारी एकदम बुनियादी तत्व है। लोगों को इस हरित परिवर्तन के केंद्र में रखने से होने वाले सकारात्मक और अप्रत्यक्ष लाभ इसमें शामिल होते हैं। भारत ने यह दिखा दिया है कि हमारा आर्थिक विकास और पर्यावरण को एक साथ लेकर चलना संभव है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**दिल्ली के...**

40 लोग ठहरे हुए थे। अधिका. रियों ने बताया कि भवन का उपयोग स्वीकृत क्षमता से कहीं अधिक किया जा रहा था। बेसमेंट क्षेत्र का भी कथित रूप से रेस्तरां संचालन और अतिथियों के ठहरने दोनों के लिए अनधिकृत उपयोग किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग बेसमेंट स्थित रेस्तरां में लगी, जहां लगभग छह कमरे भी बने हुए थे। देर रात होटल मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद से ही वह फरार हो गया था।जांच एजेंसियां अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी और सीमित निक. ासी मार्गो को हादसे का प्रमुख कारण मानकर जांच कर रही हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह लगभग 8:48 बजे पहली आपातकाल. ीन सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं निकासी अभियान शुरू किया गया। आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दिल्ली पुलिस, अग्निशमन सेवा और अन्य आपातकालीन एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस बीच मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, साकेत ने बताया कि उसके आपातकालीन विभाग में कुल 39 लोगों को लाया गया। इनमें 18 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया, जबकि 15 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं। इनमें से आठ वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। अस्पताल ने पुष्टि की है कि पीड़ितों में भारतीय और विदेशी दोनों नागरिक शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग बहुत तेजी से फैली, जिससे भवन के भीतर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने से पहले कई लोगों को बाहर निकाला। स्थानीय निवासी प्रीति शर्मा ने बताया कि भवन से धमाके जैसी आवाजें सुनाई देने के बाद लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे। उन्होंने कहा कि मैंने कई धमाके जैसी आवाजें सुनीं और फिर भवन के अंदर से चीख-पुकार सुनाई दी। लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे और कुछ लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूद रहे थे। चारों ओर अफरा-तफरी थी और स्थानीय लोग फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी विशाल कुमार ने बताया कि भवन से घना धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने भवन से घना धुआं निकलते देखा और समझ गए कि लोग अंदर फंसे हैं। स्थानीय लोगों ने कंबल और रजाइयां जुटाई तथा बाहर निकलने की कोशिश कर रहे लोगों की मदद की। हमने खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर निकलने का रास्ता बनाया और कई लोगों को सुरक्षित निकाला। अंदर से लगातार मदद की आवाजें आ रही थीं और हर व्यक्ति अपनी ओर से मदद करने का प्रयास कर रहा था। अधिका. रियों ने भवन की विस्तृत सुरक्षा और अनुपालन जांच के आदेश दिए हैं तथा नियमों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है। हादसे में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य का विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है।

### खड़गे, राहुल, प्रियंका ने मालवीय नगर अग्निकांड पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधनी के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परि. जनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। कांग्रेस नेताओं ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव में पूरा सहयोग करने की अपील करते हुए सरकार से पीड़ित परिजनों को सहायता देने का भी आग्रह किया है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मालवीय नगर में हुई दुखद अग्निकांड की घटना से वह अत्यंत दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को पीड़ितों को समय पर तथा पर्याप्त मुआवजा उपलब्ध कराना चाहिए तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पीड़ितों की हरसंभव सहायता करने का आग्रह किया। गांधी ने कहा कि मालवीय नगर में आग लगने से कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राहत एवं बचाव कार्यों में हरसंभव योगदान देने की अपील की।

## आदिवासियों के पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगाः मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि जनजातियों के समग्र विकास और सरकार की योजनाएं उन तक सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा।

श्रीमती मुर्मू ने यहां एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी) से जुड़े अधिकारियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि अधिकारी गांव-गांव जाकर आदिवासियों से मिलें और उनके साथ घुल-मिलकर उनकी समस्याओं को समझें, तभी वे वास्तविकताओं से अवगत हो सकेंगे। इसके बाद ही आदिवासियों के समग्र विकास की योजनाएं शासन स्तर पर बनाई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं। उनके साथ घुल-मिलकर ही उनकी दुश्वारियां समझी जा सकती हैं। उन्होंने आदिवासियों को शिक्षा और उचित पोषण की सुविधएं उपलब्ध कराने के लिए तन-मन से योगदान देने का अधिकारियों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुत आत्मसम्मान से जीते हैं, उनके पास धन नहीं होगा, उनके पास खाने को कुछ नहीं होगा लेकिन वे आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेंगे। वे हमेशा चाहते हैं कि उनके आत्मसम्मान पर कोई आंच न आए। इसलिए उनके पास जाकर और उनसे घुल-मिलकर ही उनकी दिक्कतें समझी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक गर्भवती आदिवासी महिला को उचित पोषण मिले। हर आदिवासी बालक-बालिका को स्कूल जाने की सुविधाएं मिलें और प्रत्येक आदिवासी को गरिमा के साथ आजीविका प्राप्त हो। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी अपनी संस्कृति को लेकर बहुत संवे. दनशील रहते हैं, अतः विकास योजनाएं बनाते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि उनकी संस्कृति के साथ कोई समझौता न हो।

# घर के बंटवारे को लेकर भाईयों में मारपीट

## दम्पति घायल, रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के पांयती कलां गांव में घर के बटवारे को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई और उसकी पत्नी घायल हो गए। घायलों ने थाने पहुंचकर छोटे भाइयों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।गांव निवासी मोला के परिवार में तीन बेटे हैं।

बुधवार सुबह बड़े बेटे जाहिद तथा छोटे भाई इशरत और वाहिद के बीच घर के बटवारे को लेकर बातचीत चल रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर इशरत और वाहिद ने बड़े भाई जाहिद के साथ मारपीट शुरू कर दी। पति को पिटता देख उसकी पत्नी रिहाना बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपितों ने उसके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट कर दी।मारपीट में जाहिद और रिहाना घायल हो गए। घटना के बाद घायल दंपती थाने पहुंचे और इशरत, वाहिद तथा वाहिद की पत्नी हुसैन जहां के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण एवं उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया भेज दिया।पुलिस बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कुल शरीफ की रस्म के साथ उर्स सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** हजरत शाह अब्बन बदरे चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का 461 उर्स मंगलवार रात कुल शरीफ की रस्म के साथ सम्पन्न हो गया। आखिरी दिन हजारो अकीदतमंदों मुल्क की तरक्की व खुशहाली, कौम की सलामती के लिए अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाए। कुरआन की तिलावत संग दुआ के माहौल में रोजा ए मुक्कद्सा पर नूर बरसता रहा।

मंगलवार की शाम चादर शरीफ का जलूस मोहल्ला पीरजादा स्थित शाह की खानकाह से रोजा ए मुक्कद्सा पहुंचा। पहले से ही जहां पर अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ा था। अल्लाह हूं अकबर की सदाओं के बीच अकीदतमंदों द्वारा मजार ए मुबारक पर चादर पेश की गई। इस दौरान रोजे पर तबर्रूक का वितरण चलता रहा। ईशा की नमाज के बाद सिमाखाने में कव्वाली का सिलसिला शुरू हो गया। जिसमें रादोली शरीफ के सज्जादा नशीन डॉ. नय्यर मियां व सज्जादा नशीन कलियर शरीफ अलीशा मियां ने शिरकत की। देर रात कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। सज्जादा नशीन सैय्यद मसूद आलम रिजवी ने मुल्क व कौम की खुशहाली तरक्की के लिए दुआ करा उर्स सम्पन्न किया। इस दौरान मेराज हुसैन, नवेद अयाज, डॉ.अफसर परवेज, सूफी मोइनुद्दीन, मुश्ताक अहमद, मुजम्मिल, आलम, शाहरुख, फैजी, मरगूब सिद्दीकी, जुनैद सिद्दीकी, जाहिद कुरैशी आदि हजारों अकीदतमंद मौजूद रहे।

### मुल्क में अमन व खुशहाली की दुआ को उठे हाथ



# कोर्ट से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला

## तमंचा छीनने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** इलाके में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। मंगलवार को कोर्ट से तारीख कर लौट रहे एक युवक पर आधा दर्जन दबंगों ने लात-घूसों और बेल्टों से जमकर हमला कर दिया। मामला पुराने विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। जिसमें दोनों पक्षों ने हाल ही में जमानत कराई थी।

मारपीट के दौरान हमलावरों ने पीड़ित को डराने के लिए अवैध तमंचा भी निकाल लिया। हालांकि साहस दिखाते हुए पीड़ित ने तमंचे की नाल पकड़ ली। जिसके बाद बीच सड़क पर काफी देर तक असलहे को लेकर छीना-झपटी होती रही। यह पूरी घटना मोबाइल फोन में कैद कर ली गई। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित चंद्रबोस निवासी सिरसा गुर्जर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विरोधियों ने उसे मारने के लिए आधा दर्जन भाड़े के युवक भेजे थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। और वीडियो के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है।

# सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार पर रोक लगे

## कलेक्ट्रेट में भाकियू का धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक मंच ने सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर लगाम कसने व अधिक यूरिया उपलब्ध कराने समेत अन्य मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट मे धरना दिया।

बुधवार को भाकियू अराजनीतिक मंच ने कलेक्ट्रेट में डीएम नितिन गौड़ को ज्ञापन सौंपा। जिसने कहा गया है कि भारत, अमेरिका ट्रेड डील से किसानों को नुकसान होगा, इसलिए केंद्र सरकार को चाहिए वह इस डील को ना करे। खतौनी में अंश निर्धारण की त्रुटि ठीक नहीं होने से किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। और खाद व अन्य फर्टिलाइजर मिलने मे दिक्कत आ रही है। किसानों को जरूरत के मुताबिक यूरिया और एनपीके खाद उपलब्ध कराई जाए। जबकि गांवों में स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार पर रोक लगे। धरना देने वालों मे जिला प्रभारी चौधरी सतेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, भरत सिंह, नरेश, वीरेंद्र सिंह, कृपाल सिंह, कुंदन, सोनित आदि शामिल रहे।

**मन्दिरों के कायाकल्प की तैयारी तेज, चार स्थलों को मिलेगा नया स्वरूप**

# वंदन योजना से चमकेंगे धनौरा के धार्मिक स्थल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के धार्मिक स्थलों की तस्वीर अब तेजी से बदलने जा रही है। वंदन योजना के तहत नगर पालिका परिषद ने शहर के प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों के सौंदर्यकरण अभियान को रफ्तार दे दी है। बालाजी धाम के भव्य कायाकल्प के बाद अब चार और धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं और आकर्षक स्वरूप से सजाने की तैयारी शुरू हो गई है।

नगर पालिका परिषद की ओर से मोहल्ला महादेव स्थित गणेश आश्रम, मोहल्ला गढ़ी के वाल्मीकि मंदिर, मुख्य बाजार में बड़े फाटक के निकट स्थित शिव मंदिर और शेरपुर चुंगी क्षेत्र के माता मंदिर के विकास प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। इन स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए फर्श, टाइल्स, बैठने की व्यवस्था, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यकरण के कार्य कराए जाएंगे। पालिका इससे पहले करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बालाजी धाम को नया और भव्य रूप दे चुकी है। यहां हुए विकास कार्यों को लोगों ने काफी पसंद किया था। अब उसी मॉडल पर शहर के अन्य धार्मिक स्थलों को भी विकसित करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। उधर, पहले भेजे गए प्रस्तावों पर भी कार्रवाई तेज हो गई है। मोहल्ला चामुंडा स्थित शिव-साईं मंदिर के सौंदर्यकरण के लिए करीब 78 लाख रुपये की लागत से कार्य कराए जाएंगे। यहां पुजारी आवास, मंदिर की छत, फर्श, टाइल्स और श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंच जैसी सुविधाएं विकसित होंगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा नुक्कड़ शिव मंदिर और मोहल्ला कटरा सब्जी मंडी के पास स्थित शिव मंदिर के विकास कार्यों को भी शासन से मंजूरी मिल गई है। इन दोनों परियोजनाओं पर लगभग 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जल्द ही इनके टेंडर जारी होने की संभावना है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने पालिका अधिकारियों और आर्किटेक्ट टीम के साथ प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए उन्होंने गुणवत्ता के साथ जल्द काम शुरू होने कि उम्मीद जताई। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि वंदन योजना के माध्यम से नगर के धार्मिक स्थलों को नई पहचान देने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में ये स्थल श्रद्धालुओं के लिए अधिक आकर्षक, व्यवस्थित और सुविधायुक्त नजर आएंगे। निरीक्षण के दौरान सभासद राजू बादशाह, दुलीचंद गिहार, गुरचरण सिंह, नामित सभासद प्रत्यक्ष शर्मा, लाभ अग्रवाल, मयंक गर्ग, समीर बाबू, नौशाद मंसूरी, सतीश कुमार आदि मौजूद रहें।

# एसडीएम ने सुभासपा जिलाध्यक्ष से की बदसलूकी

## कार्यकर्ता संग किसी काम से पहुंचे थे, उल्टे पांव लौटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सुभासपा ने हसनपुर के एसडीएम हिमांशु उपाध्याय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर एसडीएम को तत्काल प्रभाव से हसनपुर तहसील से हटाने और कठोर विभागीय कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती पत्र में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि वह अपने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण जनहित के प्रकरण को लेकर एसडीएम हसनपुर से मिलने पहुंचे थे। किंतु एसडीएम ने अत्यंत अहंकारपूर्ण, असंयमित एवं अपमानजनक व्यवहार किया। उन्होंने न केवल



एक एनडीए गठबंधन में शामिल पार्टी के जिलाध्यक्ष होने के नाते मेरे सम्मान को ठेस पहुंचाई। बल्कि उपस्थित कार्यकर्ताओं के समक्ष लोकतांत्रिक मूल्यों की भी अवमानना की। जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने उनके इस आचरण की शिकायत उच्चाधिकारियों एवं मुख्यमंत्री तक पहुँचाने की बात कही तो उन्होंने अत्यंत आपत्तिजनक एवं अस्वीकार्य शब्दों में कहा कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। श्री तोमर ने कहा कि यदि वास्तव में किसी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया गया है। तो यह केवल व्यक्तिगत अभद्रता का मामला नहीं बल्कि शासन की सर्वोच्च कार्यपालिका और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति खुला अनादर है। ऐसा व्यवहार दर्शाता है कि उक्त अधिकारी स्वयं को कानून, प्रशासन और शासन से ऊपर समझने लगे हैं। जनता के बीच यह संदेश जा रहा है कि कुछ अधिकारी सरकार की नीतियों और जनभावनाओं की परवाह किये बिना मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं।

# भावना चहाल बनीं उप शिक्षा अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तराखंड लोकसेवा आयोग द्वारा उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा में मूल रूप से ब्लॉक क्षेत्र के गांव खेड़की भूड़ निवासी स्व.सुधीर चहाल की पुत्री भावना चहाल ने उप शिक्षा अधिकारी के पद पर सफलता प्राप्त करते हुए पांचवी रेंक प्राप्त की। भावना को मिली इस सफलता से परिजनों में उल्लास का वातावरण है।

### इस सफलता से परिजनों में उल्लास

बता दें कि भावना के पिता सुधीर चहाल की मृत्यु के बाद वे अपनी पढ़ाई नगर के मौहल्ला लक्ष्मीनगर के निवासी फूफा सरदार दर्शन सिंह व बुआ शशि के आवास पर रहकर पूरी कर रहीं थीं। उन्होंने हाईस्कूल की परीक्षा नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा नगर के विश्व बंधु एकेडमी से उत्तीर्ण की। उन्होंने उत्तराखंड लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपशिक्षा अधिकारी की परीक्षा में पांचवा रेंक प्राप्त किया। भावना को मिली इस सफलता के बाद उनके परिजनों में उल्लास का माहौल है और बधाईयों का तांता लगा है।



**इंटरलॉकिंग सड़क को उखड़वाकर ईंटे बेचने का है आरोप**

# पूर्व सभासद पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका के वार्ड संख्या 21 में इंटरलॉकिंग ईटों को उखड़वाकर बेचने के मामले में ईओ ललित कुमार आर्य ने भी पुलिस को शिकायती पत्र देकर पूर्व सभासद के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है, इधर पूर्व सभासद ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

बता दें कि यह मामला नगर के मौहल्ला बुध बाजार वार्ड संख्या 21 का है। पूर्व सभासद अमित चौधरी पर आरोप है कि उन्होंने डेढ़ वर्ष पूर्व एक अच्छी अवस्था में बनी हुयी इंटरलॉकिंग सड़क को उखड़वाकर ईंटे बेच दीं और एक आरसीसी रोड बनवाने का प्रस्ताव उनकी पत्नी वर्तमान सभासद अंशु ने दिया।

### ईओ ने प्रभारी निरीक्षक को भेजा पत्र

प्रस्ताव के बाद पालिका ने 28 जनवरी 2026 को निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू की। जिसके बाद 23 अप्रैल 2026 को देव कॉन्ट्रेक्टर नामक फर्म को टैण्डर भी स्वीकृत हो गया, लेकिन मौहल्ले के मनोज गर्ग ने मुद्दा उठाया कि अमित चौधरी ने ईंटे उखाड़कर बेच दीं हैं। पहले वाली सड़क भी सही हालत में थी। शिकायतकर्ता ने एसपी से भी प्रकरण की शिकायत की तो प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने भी मौके पर जाकर लोगों के बयान दर्ज किये। जिसमें मौहल्लेवासियों ने अमित चौधरी द्वारा ईंटे बेचने के आरोपों की पुष्टि की, इधर पालिका ने टेंडर भी निरस्त कर दिया। अब इस प्रकरण में अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने पुलिस को पत्र भेजकर पूर्व सभासद अमित चौधरी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। इधर अमित चौधरी ने इन आरोपों का पूर्णतया नकारते हुए बताया कि, उनकी पत्नी सभासद अंशु ने मौहल्ले में आरसीसी रोड बनवाने का प्रस्ताव दिया था, जो पास हो गया था। उसके बाद पालिका ने टैण्डर आदि कराया। चूंकि इंटरलॉकिंग उखड़ने के बाद ही सीसी रोड बननी थी, ये ईंटे नगर पालिका द्वारा उखड़वाई गयीं हैं। उन्हें ईंटों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

# दिनेश कुमार आज संभालेंगे ईओ का चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** पूर्व अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने आज अपना कार्यभार छोड़ दिया जबकि नए अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार आज नगर पहुंच गये हैं। कल (आज) वह अपना चार्ज ग्रहण करेंगे। बताते चलें कि पूर्व ईओ डा. ब्रजेश कुमार का तीन दिन पूर्व जनपद आजमगढ़ के लिए तबादला हो गया था। जबकि मऊ में तैनात ईओ दिनेश कुमार का स्थानान्तरण अमरोहा के लिए हुआ है। आज वह अमरोहा पहुंच गये जबकि कल (आज) कार्यभार ग्रहण करेंगे।

# गृह क्लेश ने उजाड़ा परिवार, कमरे में फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**अमरोहा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के एक गांव में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। गृह क्लेश से परेशान एक व्यक्ति ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गयाए जबकि गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।जानकारी के अनुसार थाना आदमपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी 50 वर्षीय अधेड़ पिछले कुछ समय से पारिवारिक तनाव और गृह क्लेश के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रहा था बताया जाता है कि बुधवार को उन्होंने अपने कमरे के अंदर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर परिजनों को चिंता हुई। जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो शव फंदे से लटका मिला। यह ख्रश्य देखकर परिवार के लोगों की चीख निकल गई और घर में मातम छा गया। घटना की खबर कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के सब का अंतिम संस्कार कर दिया मृतक ने अपने पीछे पत्नीए चार पुत्र और एक पुत्री सहित पांच बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं। अचानक हुए इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले में थाना अध्यक्ष कोमल तोमर बताया कि इस मामले में को भी तहरीर थाना में प्राप्त नहीं हुई है।

# बिना फायर NOC के चल रहे है, अस्पताल और बैंक्वेट हॉल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर समेत आस पास में संचालित अधिकांश अस्पताल, ढाबे, होटल समेत अन्य प्रतिष्ठान में फायर की एनओसी नहीं है। इसलिए यदि यहां आगजनी हो जाए तो आग से निपटने का सिस्टम नहीं है। ऐसे में स्वयं अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह नियमों को ताख पर रखकर यहां अस्पतालों, ढाबे, होटल का संचालन किया जा रहा है।

**नीलामी सूचना** 03-06-2026

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुरीठा में गौवंश आश्रय स्थल विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 06.06.2026 को पंचायत भवन पर दोपहर 12:00 बजे की जाएगी।

'प्रधान' 'सचिव'

# दीवार काटकर दुकान में घुसे बदमाश, हजारों का माल समेट ले गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोनाड यूनिवर्सिटी के सामने स्थित एक कन्फेक्शनरी दुकान में मंगलवार रात चोरों ने फिल्मी अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश दुकान की दीवार काटकर अंदर दाखिल हुए और नकदी, सिगरेट, प्रिंटर तथा अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्तला कासिमाबाद निवासी हरीश चौहान की कन्फेक्शनरी दुकान क्षेत्र के व्यस्त इलाके में स्थित है। प्रतिदिन की तरह मंगलवार रात दुकान बंद करने के बाद वह अपने घर चले गए थे। देर रात अज्ञात बदमाशों ने दुकान की दीवार के ऊपरी हिस्से में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया और आराम से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान में रखी करीब 15 हजार रुपये की नकदी, 20 हजार रुपये से अधिक मूल्य की सिगरेट, एक प्रिंटर तथा बड़ी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक, नमकीन, कुरकुरे और अन्य सामान समेट ले गए। बुधवार सुबह जब दुकानदार दुकान पर पहुंचे तो सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। दीवार में सेंध लगी देखकर चोरी का पता चला।

घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।



# मेरठ रेंज में अपराधियों पर बड़ा शिकंजा, जीरो टॉलरेंस का दिखा असर

## 194 इनामी गिरफ्तार, अपराधियों में मचा खौफ, हापुड़ पुलिस ने भी दिखाई सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ रेंज में अपराधियों के खिलाफ चल रहे व्यापक अभियान का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में ही मेरठ रेंज पुलिस ने 194 इनामी और वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। इस कार्रवाई में हापुड़ पुलिस ने भी अहम भूमिका निभाते हुए 15 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने बताया कि अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। रेंज के सभी जिलों को फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में हत्या, लूट, डकैती, गैंगस्टर और अन्य गंभीर अपराधों में वांछित अभियुक्त भी शामिल हैं।



आंकड़ों के अनुसार मेरठ जिले में 77, बुलंदशहर में 76, बागपत में 26 तथा हापुड़ जिले में 15 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। हापुड़ में गिरफ्तार किए गए बदमाशों में दो ऐसे अपराधी भी शामिल हैं जिन पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा एक अभियुक्त पर 25 हजार रुपये तथा 12 अभियुक्तों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। डीआईजी ने कहा कि पुलिस की निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और फरार इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए तकनीकी संसाधनों का भी सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी फरार अपराधी की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं। उन्होंने सभी जिला प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि फरार इनामी अपराधियों पर घोषित इनाम की राशि बढ़ाने के प्रस्ताव भेजे जाएं तथा लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए।

# दिल्ली अग्निकांड के बाद धनौरा में भी उठे सवाल

## बिना फायर एनओसी के चल रहे होटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत के बाद नगर में भी होटल, गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में कई प्रतिष्ठान बिना फायर एनओसी और सुरक्षा मानकों के संचालित हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं।

दिल्ली के फ्लोरिश स्टे बी एंड बी होटल में मंगलवार सुबह लगी आग ने देखते ही देखते पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद पूरे देश में होटल और गेस्ट हाउसों की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा शुरू हो गई है। इधर मंडी धनौरा में भी कई होटल, रेस्टोरेंट और गेस्ट हाउस ऐसे हैं जहां सुरक्षा के नाम पर केवल खानापूर्ति दिखाई देती है। कई भवनों में आपातकालीन निकास तक नहीं हैं। संकरी सीढ़ियां और अव्यवस्थित बिजली वायरिंग किसी बड़े हादसे को न्योता देती नजर आती हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग कभी गंभीर जांच करता नजर नहीं आता।लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में कई होटल और रेस्टोरेंट ऐसे स्थानों पर संचालित हो रहे हैं जहां दमकल की गाड़ी पहुंचना भी मुश्किल है। अगर कभी आग लग जाए तो हालात संभालना कठिन हो सकता है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि होटल, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल और रेस्टोरेंट की जांच कराई जाए। बिना फायर एनओसी और मानकों के संचालित प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई हो, ताकि समय रहते किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

# जिले की प्रभारी मंत्री बनीं गुलाबो देवी

**अमरोहा।** माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाबो देवी को जिले का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। इससे पहले राज्यमंत्री केपी मलिक जिले के प्रभारी मंत्री थे।



**शपथ पत्र**

यह है कि शपथकर्ता की माता होमवती पत्नी स्व0 नत्थू सिंह निवासी मो0 सुभाषनगर धनौरा की मृत्यु घर पर ही 28/08/24 को घर पर ही हो गयी थी। शपथकर्ता भूलवश अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाया था।

हितेश कुमार पुत्र स्व0 नत्थू सिंह
नि0 मौ0 सुभाषनगर, थाना व तहसील
धनौरा, जिला अमरोहा

**संबंध विच्छेद**

मेरा पुत्र सलमान गलत संगत मे पड़ गया है। नशा व गाली गलौच करने व समझाने पर परिवार के साथ मारपीट करने का आदि हो चुका है जिससे पूरा परिवार परेशान व तंग है। जिस कारण मै व मेरे परिवार ने सलमान से सभी तरह के संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य मे उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

चिरागउददीन पुत्र मल्लन खां
निवासी-मोहल्ला कटरा, थाना व तहसील
धनौरा, जिला अमरोहा

# गोमती नदी के पुनरूद्धार को जुटे ग्रामीण

## कार्य का ग्राम पंचायत गोपालपुर व अजीतपुर बिल्हा (सिमरा घाट) में शुभारम्भ

**70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड: डीएम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, जिलाध्यक्ष गो. कुल प्रसाद मौर्य एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बुधवार को विकास खण्ड पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर व अजीतपुर बिल्हा (सिमरा घाट) में माँ गोमती नदी का पुनरूद्धार कार्य का विधि-विधान से पूजन कर कार्य की शुरूआत की।

विधायक पूरनपुर, जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी एवं आमजन ने फावड़ा चलाकर नदी के पुनरूद्धार हेतु श्रमदान किया। इस दौरान विधायक पूरनपुर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में गोमती नदी को स्वच्छ और पुनर्जीवित करने के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए जनपद में जन अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन और आम जनता के सहयोग से आदि मां गोमती की अविरल जलधारा को बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि गोमती हमारे क्षेत्र और जिले की पहचान है। गोमती नदी को पुनर्जीवित करने का असली काम जनसहभागिता और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों से ही सम्भव होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि गोमती नदी का पुनरूद्धार कर नदी को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। गोमती नदी का कायाकल्प का कार्य जनपद में 47 किलोमीटर के दायरे में आने वाली सभी 16 ग्राम पंचायतों के लोग इन पुनीत कार्य में सभी लोग अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि नदियों का पुनर्जीवित होना प्रकृति के संतुलन के लिए बेहद जरूरी है। इसके साथ ही

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र बुजुर्गो को 05 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। पात्र नागरिक अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनसेवा केन्द्र के माध्यम से अपना कार्ड नि:शुल्क बनवा सकते है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, ग्राम प्रधान, ग्रामवासी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बमरौली तिराहा हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार अब तक आठ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बमरौली तिराहा स्थित साइकिल दुकान पर हुए हमले और व्यापारी पप्पू गुप्ता की हत्या के मामले में बिलसंडा पुलिस ने एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप भी बरामद किया है। इस मामले में अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस के अनुसार 28 मई को बमरौली तिराहा स्थित पंकज कटियार की साइकिल दुकान में घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट की थी। शोर सुनकर पास की कपड़े की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी पप्पू गुप्ता बीच-बचाव के लिए पहुंचे और भाग रहे एक आरोपी को पकड़ लिया।

इसी दौरान आरोपियों की ओर से तमंचे से फायर कर दिया गया, जिससे पप्पू गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

वहीं पंकज कटियार को भी लोहे के पाइप से सिर पर वार कर घायल किया गया था। घटना के संबंध में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान पुलिस ने मंगलवार रात सुहेला भट्टा नहर पुलिया के पास से आरोपी स्कन्द पुत्र ब्रजकिशोर निवासी शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उसकी संलिप्तता सामने आई तथा उसकी निशानदेही पर लोहे का पाइप बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में अब तक तीन साजिशकर्ता, चार हमलावर पुलिस मुठभेड़ में तथा एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध शाहजहांपुर में भी पूर्व से आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## एक नजर

### पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से साईकिल रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पूरनपुर (पीलीभीत) में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत परिवहन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का निर्देशन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. मृदुला शर्मा द्वारा किया गया।



उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि साइकिल न केवल एक सुलभ एवं किफायती परिवहन साधन है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने स्वयंसेवियों से नियमित रूप से साइकिल का उपयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डा. अरविंद दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जीवनशैली संबंधी बीमारियों को देखते हुए साइकिल का महत्व और अधिक बढ़ गया है। शाहिद खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व साइकिल दिवस हमें स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण तथा ऊर्जा संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवियों को दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. रेखा सिंह, डा. वी.के.शर्मा, डा. सौरभ सक्सेना, डा.विनोद सिंह, शाहिद खान, सुरेंद्रपाल, अंकित गुप्ता व स्वयंसेवी छात्राएं रिमझिम, अंकिता, भक्ति, स्वामी भारती, आराधना, खुशबू, संजना, गुनगुन, जोया बी, रघुवीर, राहुल, दीपक, सुरेंद्र आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

### अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बने अनूप अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने सौंपी जिम्मेदारी, देवेश बंसल बने प्रदेश उपाध्यक्ष**

**पीलीभीत।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (पंजीकृत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने समाजसेवी एवं व्यापारी नेता अनूप अग्रवाल को जिलाध्यक्ष, देवेश बंसल को प्रदेश उपाध्यक्ष, अश्विनी अग्रवाल को प्रदेश मंत्री, विनीत अग्रवाल को जिला महामंत्री, संजय अग्रवाल को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने इस दौरान संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह हर दशा में अपने व्यापारी साथियों का साथ देंगें और मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज का डॉ. शिव कुमार ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार

**शाह टइम्स ब्यूरो**



**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ में प्रशासनिक स्तर पर वरिष्ठ चिकित्सक प्रो. (डॉ.) शिव कुमार ने प्रधानाचार्य का कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. शिव कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना, विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार करना तथा मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों एवं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के मानकों के अनुरूप शिक्षण एवं चिकित्सकीय कार्यो को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। डॉ. शिव कुमार ने यह भी कहा कि मरीज हित सर्वोपरि रहेगा तथा सरकार द्वारा प्रदत्त सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पात्र मरीजों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। नवागत प्रधानाचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी चिकित्सकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से मेडिकल कॉलेज को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

### आज उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की लिखित परीक्षा आज बुधवार

**शाह टइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद बदायूं में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासन की देख रख में दो पालियों में आयोजित हुई।प्रथम पाली में 09 केंद्रों पर परीक्षा हुई जिसमें विभिन्न विषयों के कुल 3687 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें 1896 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 1791 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली का उपस्थिति प्रतिशत 51.42% रहा।वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा जनपद के 7 केंद्रों पर हुई, जिसमें विभिन्न विषयों के कुल 2918 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 1689 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 1229 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा का उपस्थिति प्रतिशत 57.88% रहा। प्रथम दिवस की टी जी टी लिखित परीक्षा का दोनों पालियों का उपस्थिति प्रतिशत 54.27% रहा।प्रथम दिवस की परीक्षा सभी केंद्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई।

### सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से जनता हुई त्रस्त**

**कुंवरगांव।** सलारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव मड़िया भांसी से प्रहलादपुर को जोड़ने वाला मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, कीचड़ और जलभराव होने के कारण राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

बरसात और जलभराव के चलते यह रास्ता खतरे का सबब बन चुका है। बाइक सवार फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि पैदल चलना भी दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि लेकिन बदहाल सड़क उनकी रोजमर्रा की मुश्किलें बढ़ा रही है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है । इस संबध में सचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि जर्जर सड़क के संबध में दोनों ग्राम प्रधान से बात हो गई है तथा इस समस्या को पीडब्ल्यूडी विभाग के संज्ञान में भी डाल दिया है । उम्मीद है कि पीडब्लू डी विभाग द्वारा जल्द सड़क निर्माण का कार्य करवा कर लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल सके।

### घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव।** थाना क्षेत्र के गांव प्रह्लादपुर की एक 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव प्रह्लादपुर निवासी वीरेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 जून की सुबह करीब 10 बजे उनकी 17 वर्षीय पुत्री घर पर थी। इसी दौरान वह अचानक घर से कहीं चली गई। जब वह खेत से वापस लौटे तो पुत्री घर पर नहीं मिली। परिजनों ने रिश्तेदारी समेत आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित के अनुसार शाम करीब 7 बजे एक मोबाइल नंबर से फोन आया, जिस पर उनकी पुत्री ने बात की और तुरंत कॉल काट दिया। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि किशोरी की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है तथा सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं: डा. शर्मा

**बदायूं के नए सीएमओ ने संभाला कार्यभार, कार्यालय का किया औचक निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद के नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास शर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं। बुधवार को उन्होंने सीएमओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी पटलों की फाइलों को खंगाला और पेंडिंग कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता को स्वास्थ्य योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ मिलना चाहिए, जिससे सरकार के लोक-कल्याणकारी विजन को सफल बनाया जा सके।

कार्यालय परिसर का बारीकी से मुआयना करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीएमओ डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

सभी डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और कार्यालय के बाबू को समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होना होगा।

बिना किसी पूर्व सूचना के नदारद रहने वाले या अपनी जिम्मेदारी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सीएमओ ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों में मरीजों तथा उनके तीमारदारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। विभाग में पारदर्शिता लाना और बिचौलियों के दखल को पूरी तरह खत्म करना उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत समेत सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे पात्र व्यक्ति तक सुगमता से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने यह भी संकेत दिए कि आगामी दिनों में वे जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी औचक निरीक्षण करेंगे ताकि वहां दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर किया जा सके।

# रोडवेज डिपो के स्थान से लेकर अस्पताल और रोजगार के उठाए मुद्दे

**डॉ रत्नेश गंगवार ने घेरे बीसलपुर के पूर्व जनप्रतिनिधि**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर (पीलीभीत)।** 130-बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियों और राजनीतिक बहसों के बीच स्थानीय नेता डॉ रत्नेश गंगवार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर क्षेत्र के अब तक के विकास और पूर्व जनप्रतिधियों की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। श्देवतुल्य जनताश को नमन करते हुए उन्होंने क्षेत्र की पांच प्रमुख और बुनियादी समस्याओं को रेखांकित किया है, जो आज भी जस की तस बनी हुई हैं।



रत्नेश गंगवार ने सीधे तौर पर क्षेत्र की राजनीतिक विरासत पर हमला बोलते हुए कहा कि बीसलपुर की जनता ने एक ही परिवार को पांच बार प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया, इसके बावजूद क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों को लगातार नजरअंदाज किया गया। सोशल मीडिया पोस्ट में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली डॉ रत्नेश गंगवार गंगवार ने पूछा कि क्या आज तक बीसलपुर में एक बड़े और सर्वसुविधायुक्त सरकारी अस्पताल की आवश्यकता नहीं थी?

क्षेत्र की जनता को आज भी बेहतर इलाज के लिए जिला मुख्यालय या अन्य बड़े शहरों की दौड़ लगानी पड़ती है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीसलपुर का रोडवेज बस अड्डा निजी स्वार्थों के चलते गलत जगह पर बनाया गया है। यदि इसी बस अड्डे को बीसलपुर-पीलीभीत रोड पर स्थित पुरानी सरकारी फैक्ट्री की जमीन पर बनाया जाता, तो पूरी तहसील और आम जनता को इसका सही लाभ मिलता। क्षेत्र में किसानों की सबसे बड़ी समस्या आवारा गोवंश का जिक्र करते हुए उन्होंने मांग की कि प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर गोवंशों को संरक्षित करने के लिए बड़ी गौशालाओं का निर्माण क्यों नहीं कराया गया। डॉ रत्नेश गंगवार ने युवाओं के पलायन का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि पढ़ाई पूरी करने के बाद क्षेत्र के बच्चों को रोजगार के लिए दूसरे शहरों में भटकना पड़ता है। अगर यहां फैक्ट्रियां स्थापित करने के लिए कोई सकारात्मक प्रयास किया गया होता, तो आज युवा अपने परिवार के साथ रहकर यहीं जीवन यापन कर रहे होते। अब देखना यह होगा कि पूर्व में रहे मंत्रियों और वर्तमान सियासी दिग्गजों की तरफ से इन तीखे सवालों पर क्या प्रतिक्रिया आती है।

# जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी पर दर्ज मुकदमे के विरोध में उतरी सपा

**प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी के विरुद्ध सत्ता के दबाव में कोतवाली पीलीभीत में दर्ज कराए गए मुकदमे के संबंध में बुधवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक पीलीभीत से मिला और पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए निष्पक्ष जांच एवं न्याय की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि समाजवादी पार्टी का जिला कार्यालय पूर्व से ही न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा असंवैधानिक एवं मनमाने तरीके से कार्यालय को खाली कराया गया तथा कार्यालय में रखा सामान प्रशासन द्वारा जब्त कर लिया गया। इसके उपरांत नगर पालिका ने बुलडोजर चलाकर भवन को ध्वस्त कर दिया।

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने बताया कि उक्त परिस्थितियों में जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने अपनी निजी संपत्ति स्थित गैरेज को बिना किसी किराये अथवा लिखित अनुबंध के केवल पार्टी की बैठकों एवं संगठनात्मक कार्यों के लिए उपलब्ध कराया था।

यह संपत्ति पूरी तरह उनकी निजी संपत्ति है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि हाल ही में जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन तथा लगातार विभिन्न दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के समाजवादी पार्टी में शामिल होने से भारतीय जनता पार्टी घबराई हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा राजनीतिक दबाव में दर्ज किए गए मुकदमे की वास्तविकता को सामने लाकर न्याय सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से दिव्या गंगवार (पूर्व प्रत्याशी, 130 बीसलपुर), नरेंद्र मिश्रा कट्टर (जिला उपाध्यक्ष), राजकुमार राजू (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, युवजन सभा), अकबर अंसारी, मखदूम खान, गयासुद्दीन मंसूरी, इम्तियाज अल्वी, सत्येंद्र मौर्य, निरंजन गंगवार, गुरजोवन सिंह, दिनेश वर्मा, देव कुमार मौर्य, अभि गंगवार, मोहम्मद सलीम सहित अनेक सम्मानित नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी ने बुधवार को तहसील मुख्यालय स्थित ऑफिस में दूरदराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान आने वाली शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त शिकायती पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई कर उनकी रिपोर्ट उपलब्ध कराए, ताकि लोगों को समय पर न्याय और राहत मिल सके। उन्होंने कहा की आम लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मन्नूनगर निवासी विशाल पुत्र रग्घू का आरोप है कि भूमि गाटा स. 169 में से कुछ भूमि पर जसवंत निवासी श्यामपुर ने कर लिया है। उपजिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह, नायब तहसीलदार मो. हारिस खान उपस्थिति रहे।

# जून से 21 जून तक जनपद में चलेगा जन-जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आगामी 7 जून, 2026 को केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमां की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु एक समेकित अभियान संचालित किया जाएगा। इसके सफल संचालन के लिए डीएम अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।



कार्यक्रम अंतर्गत समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित किए जाएगे। केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तीकरण तथा प्रदेश में विगत वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं सुशासन मांडल को समस्त कार्यक्रमों में समाहित किया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस इस अवसर पर प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार सम्पूर्ण प्रदेश में एक पेड़-मां के नाम अभियान के अन्तर्गत समस्त 825 विकास खण्डों तथा 762 नगर निकायों के साथ-साथ समस्त ग्राम पंचायतों में 5 करोड़ पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा। 8 जून, 2026 से 14 जून, 2026 तक योजनाओं का जानकारी व सम्पर्क एवं संवाद स्थापित किया जाएगा। इसके अलापा रात्रि चौपाल कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


# जब भेदभाव हार गया और ममता जीत गई

**कम वजन की जन्मी नन्ही सरस्वती को मिला नया जीवन**

**शाह टइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कम वजन में जन्मी बच्ची सरस्वती की कहानी प्रेरणादायक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विकास शर्मा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर 2025 को ग्राम कुआॅडंडा में जन्मी नन्ही सरस्वती का जीवन जन्म के साथ ही अनेक चुनौतियों से घिर गया। जन्म के समय उसका वजन मात्र 2.1 किलोग्राम था, जो सामान्य से काफी कम था। इसके अतिरिक्त परिवार में लगातार चार बेटियों के बाद पुत्र की अपेक्षा होने के कारण उसके जन्म को उत्साहपूर्वक स्वीकार नहीं किया गया।



परिवार की सामाजिक एवं मानसिक परिस्थितियों का प्रभाव बच्ची की देखभाल पर भी पड़ा। उसे जन्म के बाद पर्याप्त स्तनपान नहीं मिल पाया तथा बाजार का दूध दिया जाने लगा, जिससे उसका स्वास्थ्य लगातार कमजोर होता गया। उन्होंने बताया कि नियमित गृह भ्रमण के दौरान आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने पाया कि बच्ची का वजन अपेक्षित रूप से नहीं बढ़ रहा है तथा उसका स्वास्थ्य तेजी से गर रहा है। स्थिति गंभीर होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा तत्काल हस्तक्षेप किया गया।

उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता द्वारा नियमित गृह भ्रमण किया गया। माता एवं परिवार की लगातार काउंसिलिंग की गई। स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कंगारू मदर केयर की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। नियमित टीकाकरण एवं पोषण संबंधी परामर्श प्रदान किया गया।

गंभीर स्थिति को देखते हुए बच्ची को अस्पताल रेफर किया गया। विशेष नवजात देखभाल इकाई में भर्ती कर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया गया।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य टीम की निरंतर निगरानी, चिकित्सकीय देखभाल एवं परिवार के सहयोग से सरस्वती के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। उन्होंने बताया कि इस प्रयास से न केवल एक कम जन्म वजन वाली बच्ची का जीवन सुरक्षित हुआ, बल्कि परिवार में बेटी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई। यह उदाहरण दर्शाता है कि समय पर पहचान, उचित उपचार एवं प्रभावी सामुदायिक परामर्श से गंभीर परिस्थितियों को भी सफलता में बदला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक नवजात शिशु समान देखभाल एवं अवसर का अधिकार रखता है। कम जन्म वजन वाले शिशुओं की समय पर पहचान एवं उपचएर अत्यंत आवश्यक है। आशा, आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्यवाही जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

परिवार की सकारात्मक सहभागिता स्वस्थ बाल विकास की आधारशिला है। सही समय पर सही सलाह, समर्पित स्वास्थ्य सेवाएँ और परिवार का सहयोग- यही नन्हीं सरस्वती के स्वस्थ जीवन की सफता की कुंजी बनी।

## चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गांव चुरई दलपतपुर निवासी फूलशाह ने गांव के चकमार्ग संख्या 454 पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत एसडीएम से की है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने चकमार्ग पर कब्जा कर रखा है। लेखपाल द्वारा कब्जा हटाने की हिदायत दिए जाने के बावजूद रास्ता कब्जामुक्त नहीं कराया गया। पीड़ित ने प्रशासन से मामले की जांच कर चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, तहरीर दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** चुरई दलपतपुर निवासी जाहिद अली पर पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार बुधवार दोपहर वह घर से मजदूरी करने जा रहे थे।

आरोप है कि रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट की। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल जाहिद अली ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुंडरा कोठी मार्ग पर देह व्यापार का भंडाफोड़

- **मकान मालिक समेत युवती गिरफ्तार**
- **ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा, हंगामे के बाद पुलिस ने की कार्रवाई, लंबे समय से चल रही थीं शिकायतें**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के कुंडरा कोठी मार्ग स्थित एक मकान में लंबे समय से चल रहे कथित देह व्यापार के धंधे का मंगलवार शाम ग्रामीणों ने भंडाफोड़ कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मकान पर धावा बोलते हुए मकान मालिक और एक युवती को रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर जमकर हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

बताया जाता है कि विजौरिया रेलवे क्रॉसिंग से कुंडरा कोठी मार्ग पर स्थित एक धार्मिक स्थल के समीप बने मकान में पिछले कई महीनों से अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की चर्चा ग्रामीणों के बीच थी। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में लगातार बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ गई थी, जिससे आसपास के परिवारों और महिलाओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा था। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद कथित कारोबार बंद नहीं हुआ।



मंगलवार शाम ग्रामीणों को सूचना मिली कि एक युवती मकान में पहुंची है। इसके बाद ग्रामीण एकत्र हो गए और मकान की घेरा. बंदी कर दी। कुछ ही देर में ग्रामीणों ने मकान मालिक और युवती को पकड़ लिया। आरोप है कि दोनों को बंधक बनाकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और उनकी पिटाई भी कर दी। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को दी गई। कप्तान के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नवाबगंज निलेश मिश्रा एवं प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने किसी तरह दोनों को ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ाकर हिरासत में लिया और थाने ले आई।

पुलिस पूछताछ में आरोपित की पहचान कौशल शर्मा उर्फ गुड्डू पंडित निवासी ग्राम मियांपुर के रूप में हुई, जबकि युवती बरेली के राज. ेंद्र नगर क्षेत्र की बताई गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से 19 सौ रुपये नकद, एक मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री बरामद की। पुलिस का कहना है कि मकान मालिक कथित रूप से ग्राहकों को बुलाकर महिलाओं से संपर्क कराता था और इसके बदले धनराशि वसूलता था। पुलिस को काफी समय से इस तरह की गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। मामले की जांच के बाद दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

घटना के बाद इलाके में देर रात तक चर्चाओं का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने तक पहुंच गए, और इलाके में इस प्रकार की गतिविधियों पर स्थायी रोक लगाने की मांग करते रहे। ग्रामीणों का कहना था कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो हालात यहां तक नहीं पहुंचते।

### कप्तान को फोन पड़ते ही हरकत में आई पुलिस

ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी सीधे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन तत्काल सक्रिय हुआ। कप्तान के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी और थाना पुलिस मौके पर पहुंची, और दोनों आरो. पियों को हिरासत में लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा, और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस के पहुंचने से पहले भड़का ग्रामीणों का गुस्सा

ग्रामीणों में इस बात को लेकर काफी नाराजगी थी कि क्षेत्र में लंबे समय से कथित देह व्यापार का धंधा चल रहा था। आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को जैसे ही ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया, माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले गुस्साए ग्रामीणों ने बाहर पड़ी उस चारपाई में आग लगा दी, जिस पर बैठकर कथित रूप से ग्राहकों को बुलाया जाता था। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि बाद में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

### कई महीनों से मिल रही थीं शिकायतें

ग्रामीणों के अनुसार इलाके में संदिग्ध गतिविधियां काफी समय से चल रही थीं। देर रात तक बाहरी लोगों की आवाजाही बनी रहती थी, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही थी। महिलाओं और युवतियों का घर से निकलना तक मुश्किल हो रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार मौखिक शिकायत भी की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## मछली तालाब में गिरी स्कॉर्पियो, महिला समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बरेली-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरु नानक ढाबा के सामने बुधवार दोपहर एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित मछली के तालाब में जा गिरी। हादसे में स्कॉर्पियो सवार महिला और उसका पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निक. ालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।



जानकारी के अनुसार संजय नगर, बारादरी बरेली निवासी पारस कुमार अपने साथियों शिवम सिंह निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, इज्जतनगर, जीतू वर्मा निवासी गांधीपुरम, इज्जतनगर, रूबी अग्रवाल तथा उनके पुत्र कृष्णा अग्रवाल निवासी बुद्धि विहार, मझौला मुरादाबाद के साथ टीजीटी परीक्षा देकर मुरादाबाद से बरेली लौट रहे थे। गुरु नानक ढाबा के सामने पहुंचने पर स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई और कई पलटियां खाते हुए सड़क किनारे स्थित मछली के तालाब में जा गिरी।हादसे के दौरान स्कॉर्पियो की टक्कर एक ट्रैक्टर से भी हो गई। दुर्घटना में रूबी अग्रवाल, उनके पुत्र कृष्णा अग्रवाल तथा ट्रैक्टर चालक विभोर त्यागी पुत्र प्रमोद त्यागी निवासी आनंद विहार, मुर्तजा रोड, सिविल लाइन, रामपुर घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक को सिर में चोट आई, जबकि महिला और उसका पुत्र भी घायल हो गए।सूचना मिलते ही ट्रैफिक इंचार्ज एसआई श्रीपाल सिंह पुलिस टीम अंकित शर्मा, प्रमोद कुमार,अंकुर सिरोही के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से तालाब में गिरी स्कॉर्पियो से घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी मीरगंज भेजा, जहां उनका उपचार कराया गया।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चौकी परिसर में खड़ा करा दिया है।

हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस के साथ एनएचएआई की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो मछली के तालाब में पलटकर फंस गई थी। इसके बाद एनएचएआई की क्रेन मंगाकर काफी मशक्कत के बाद स्कॉर्पियो को तालाब से बाहर निकाला गया। वाहन को बाहर निकालने के दौरान कुछ समय तक मौके पर लोगों की भीड़ जमा रही। पुलिस ने रामपुर से बरेली रोड को कुछ देर के लिए बंद कर दिया जिससे वाहन को बाहर निकाला गया फिर जाकर हाईवे सुचारू हुआ।

## अद्भुत है प्रभु राम का शील बल एवं सौंदर्य: बृजेश पाठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में पुरुषोत्तम मास में आयोजित सप्त दिवसीय रामचरितमानस प्रवचन के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा वैसे तो प्रभु राम में अनंत गुण हैं पर गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने रामचरितमानस में प्रभु राम के तीन गुणों की विशेष चर्चा की है, और वे हैं रूप ,शील और बल और इनका वर्णन करने के लिए उन्होंने तीन नगरों का चयन किया है !अयोध्या में वह प्रभु राम के शील का वर्णन करते हैं ,जनकपुर में भगवान के सौंदर्य का वर्णन करते हैं ,और लंका में प्रभु राम के बल का वर्णन किया गया है!

अपने से बड़ों के द्वारा दुर्व्यवहार करने पर भी जिसके हृदय में बड़ों के प्रति को दुर्भाव नहींआता और पहले की तरह सम्मान और सद्भाव बना रहता है मानवता का यही सर्वोच्च गुण शील कहलाता है!

प्रभु राम के जीवन में यह शील गुण पग पग पर दिखाई देता है! कैकई जीने प्रभु राम के साथ इतना अन्याय किया राज्य के स्थान पर वनवास दे दिया लेकिन प्रभु राम निरंतर माता कौशल्या से अधिक आदर उनका करते रहे! महाराज दशरथ ने प्रभु राम को राज्य का आश्वासन देकर वनवास दे दिया लेकिन प्रभु राम के हृदय में पिता के प्रति सम्मान की कोई कमी नहीं आई! वे निरंतर उनका सम्मान करते रहे!

रामायण में परशुराम जी प्रभु राम के प्रति निरंतर कठोर शब्दों का प्रयोग करते रहे पर प्रभु राम निरंतर उनके चरणों में नमन करते रहे! प्रभु राम का यही शील गुण उन्हें महान बनाता है! भक्तों को भगवान राम के इस शील गुण से बड़ा आश्वासन मिलता है, उन्हें लगता है अपने शील के कारण प्रभु राम हमारे अपराधों को भी क्षमा करके अपनी चरण शरण प्रदान करेंगे। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा और सचिव रवि छाबड़ा व अन्य सदस्यों ने कथा व्यास जी का स्वागत एवं माल्यार्पण किया । सचिव रवि छाबड़ा ने बताया की पूज्य श्री बृजेश पाठक जी बहुत ही सरल स्वभाव के कथा व्यास हैं। कथा 8 जून तक प्रतिदिन रात्रि 8 से 9:15 तक होगी। कार्यक्रम की समाप्ति पर भंडारे का प्रसादी वितरण किया गया। मुख्य रूप से आज की सेवा में रवि छाबड़ा अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, हरीश लुनियाल, अतुल कपूर आदि मौजूद थे। इसके साथ-साथ युवा मंडल के सदस्यों ने भी प्रसाद वितरण में सेवा की।

## बहेड़ी केसर चीनी मिल की जमीन की नीलामी पर सपा विधायक का हमला

- **भाजपा नेताओं की मिलीभगत से कम कीमत में संपत्ति बेचने का लगाया आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केसर चीनी मिल की जमीन और संपत्तियों की नीलामी को लेकर सियासत तेज हो गई है। बहेड़ी के सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री अताउर्रहमान ने बुधवार को सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में नीलामी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए भाजपा नेताओं पर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चीनी मिल की बहुमूल्य जमीन और संपत्तियों की नीलामी बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर की गई है, जिससे क्षेत्र के किसानों और आम जनता के हित प्रभावित हुए हैं।

विधायक ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि शासन को नीलामी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि नीलामी में कुछ ऐसे भाजपा नेता शामिल थे, जो बहेड़ी से विधानसभा टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। उनका कहना था कि यह नीलामी एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। अताउर्रहमान ने कहा कि आमतौर पर नीलामी में व्यापारी और कारोबा. री भाग लेते हैं, लेकिन यहां भाजपा के जनप्रतिनिधि बोली प्रक्रिया में मौजूद दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का कार्य जनता की सेवा करना है, व्यापारिक गति. विधियों में शामिल होना नहीं। विधायक ने सवाल उठाया कि जिस व्यक्ति ने बोली लगाई है, उसकी भूमिका और पहचान भी स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा के जनप्रतिनिधि इस नीलामी को सही ठहराते हैं तो उन्हें सार्वजनिक रूप से जवाब देना चाहिए। यदि वे जवाब नहीं देते हैं तो क्षेत्र की जनता और किसान यह मानने को मजबूर होंगे कि पूरे मामले में कई लोग आपस में मिले हुए हैं। सपा विधायक ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए वह विधानसभा में भी आवाज उठा चुके हैं। उन्होंने आशंका जताई कि यदि यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में फैक्ट्री के अन्य हिस्सों की नीलामी की नौबत भी आ सकती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का किसान पहले से ही परेशान है और उसके हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधायक ने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जनता ऐसे मामलों को भूलेगी नहीं, और किसानों के हितों से समझौता करने वालों को माफ नहीं करेगी। प्रेस वार्ता में विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां, चौधरी अनीत पाल सिंह, चौधरी विजेंद्र, सरदार इकबाल सिंह चीमा, अखलाक नेता जी, तस्लीम अहमद सहित समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में पीजी प्रवेश शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बहेड़ी के गन्ना उत्पादक (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्व. विद्यालय, बरेली के दिशानिर्देशों के अनुसार, एम.ए. (अर्थशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान), एम.कॉम तथा एम.एस-सी. (गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिए जा रहे हैं। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए दो चरणों में ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। पहले चरण में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा, जिसके बाद महाविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण होने के बाद, छात्र-छात्राओं को आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में निर्धारित काउंटर पर जमा करनी होगी।

आवेदन पत्र जमा करने का समय प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश के लिए सीटें सीमित हैं। प्राचार्या प्रो. डा. सुरेखा पिपलानी ने छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे अपना समर्थ रजिस्ट्रेशन नम्बर, लॉगिन पासवर्ड, मोबाइल नम्बर और ई-मेल आईडी सुरक्षित रखें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## शीशगढ़ के मुख्य मार्ग के निर्माण पर मंडराता संकट

- **वर्षा के मौसम में पानी भरने से सड़क बन जाएगी तालाब**
- **कोलतार के दाम बढ़ने से ठेकेदार ने हाथ खड़े किए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे के डेढ़ किमी के मुख्य मार्ग के निर्माण पर अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं। कोलतार के दामों में वृद्धि होने के कारण ठेकेदार ने सड़क निर्माण से अपने हाथ खड़े कर लिए हैं। नतीजतन वर्षा के मौसम में सड़क तालाब बनती नजर आएगी और ग्रामीण जनता को आवागमन के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी।



बताते चले कि शीशगढ़ कस्बे के बरेली बस अड्डा से लेकर बिलासपुर बस अड्डा स्वागत द्वार तक करीब डेढ़ किमी सड़क निर्माण के लिए शासन से 41 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत होने के बाद ठेकेदार मंगलाराम को निर्माण का ठेका भी दे दिया गया। करीब तीन महीने का समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। चेयरमैन नीलोफर ने उस सम्बन्ध में जब अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग से लिखित शिकायत की तो अधिशासी अभियंता ने ठेकेदार को नोटिस भेजने की बात कहकर अपना पूछा छुड़ा लिया, लेकिन सड़क पर जगह जगह गहरे होते गड्ढे जनता का पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। आए दिन ग्रामीण इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे है अब वर्षा का मौसम शुरू होने बाला है जिस कारण ग्रामीणों की समस्या और भी गंभीर हो जाएगी सड़क पर पानी भरने से सड़क तालाब ने तब्दील होती नजर आएगी। अधिशासी अभियंता से लेकर अवर अभियंता ठेकेदार को नोटिस भेजे जाने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाते नजर आ रहे है।

> सड़क निर्माण का ठेका होने के बावजूद भी ठेकेदार द्वार सड़क निर्माण शुरू न कराने पर हमने ठेकेदार को नोटिस भेजा है और जल्द निर्माण शुरू कराने के आदेश भी दिए गए है।
>
> **प्रेम सिंह**
> **अवर अभियंता, लोकनिर्माण विभाग बरेली**

> शीशगढ़ में डेढ़ किमी सड़क निर्माण के लिए शासन से 41लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत होने एवं निर्माण कार्य का ठेका होने के बाद भी निर्माण शुरू न कराना ठेकेदार की गंभीर लापरवाही है। जनहित के कार्य में लापरवाही बरतने वाले ऐसे ठेकेदार को ब्लैक लिस्टिड किया जाना चाहिए। हमने लोकनिर्माण विभाग के सचिव को पत्र भेजकर ठेकेदार की हरकतों से अवगत कराया है।
>
> **नीलोफर**
> **चेयरमैन, नगर पंचायत शीशगढ़**

> कोलतार के दामों में दोगुनी वृद्धि हो जाने से निर्माण संभव नहीं है। हम रेट रिवाइज कराने के लिए प्रयास कर रहे हैं। रेट रिवाइज न होने पर निर्माण संभव नहीं है फिलहाल सड़क के गड्ढों में गिट्टी डालकर कुछ राहत प्रदान की जाएगी।
>
> **ठेकेदार, मंगलीराम**

## आंबेडकर प्रतिमा का विवाद सुलटाने पहुंचे एडीएम और एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक साल पहले क्षेत्र के गांव गंगापुर में ग्राम समाज की भूमि पर रातों रात स्थापित की गई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का विवाद सुलटाने के लिए बुधवार को एडीएम प्रशासन और एसपी उत्तरी यहां पहुंचे। बीते साल 14 अप्रैल 2025 को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर उनके अनुयायियों द्वारा पहले डॉक्टर अंबेडकर का फ्लेक्स लगा दिया गया था, जिसका दूसरे वर्ग द्वारा विरोध किए जाने पर पुलिस ने उक्त फैलेक्स को हटवा दिया था। पुलिस द्वारा फ्लेक्स हटाए जाने के बाद बावा साहब के अनुयायियों ने रातों रात इस सरकारी भूमि पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी थी, जिसको लेकर गांव के दूसरे वर्ग में खासा आक्रोश फैल गया था।बताया जाता है कि इस मामले में गांव का दूसरा वर्ग हाईकोर्ट जा पहुंचा, जिस पर कोर्ट ने सरकारी भूमि पर स्थापित की गई प्रतिमा को दोनों समुदाय की सहमति से दूसरे स्थान पर स्थापित किए जाने के आदेश दिए थे। तब से स्थानीय प्रशासन इस मामले में कई दौर की वार्ता चुका है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पा रही है। बुधवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन पुर्णिमा सिंह, एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा यहां पहुंचे, और गांव के दोनों वर्गों से वार्ता की। तहसील सभागार में अधिकारियों ने अलग-अलग दोनों वर्गों से वार्ता की, लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। वार्ता के दौरान एसडीएम उदित पवार, सीओ नीलेश मिश्र, कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, कार्यवाहक तहसीलदार मौजूद रहे।

### एक नजर

## कोचिंग पढ़ने गई छात्रा को दूसरे समुदाय का युवक लेकर हुआ फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग छात्रा को थाना भोजीपुरा गांव के दूसरे समुदाय का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस को छात्रा बुधवार को नजदीकी गांव में रोड किनारे अचेत अवस्था में मिली।

क्षेत्र के एक गांव की एक नाबालिग छात्रा अपने नजदीकी गांव में गुजरी 31 मई को कोचिंग पढ़ने गई थी, इसी दौरान दूसरे समुदाय का युवक जो थाना भोजीपुरा के जादौंपुर का रहने वाला है, छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है उक्त युवक छात्रा के साथ अक्सर रास्ते में छेड़छाड़ करता रहता था। छात्रा के पिता ने इस मामले में आरोपी शहजाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि बुधवार को छात्रा नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला में रोड किनारे अचेत अवस्था में मिली, जिसे पुलिस कोतवाली ले आई। आज पुलिस छात्रा का मेडिकल परीक्षण के साथ ही कोर्ट में बयान दर्ज कराएगी।

## खेत से पॉपुलर के चार पेड़ काटकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव बूंची की गोटिया निवासी अशर्फी लाल ने कुछ ग्रामीणों पर उनके खेत में खड़े पॉपुलर के चार हरे पेड़ काटकर लकड़ी चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार सूचना मिलने पर वह खेत पर पहुंचे तो पेड़ गायब मिले। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अशर्फी लाल का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी उनके खेत से पेड़ काट चुके हैं। हल्का इंचार्ज रविराज पावड़िया ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी को गाली देने का विरोध करने पर हमला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव नथपुरा में पत्नी को गाली देने का विरोध करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। विरोध करने पर आरोपी ने ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव नथपुरा निवासी भानुप्रकाश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक जून की रात करीब नौ बजे गांव का ही एक व्यक्ति उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज कर रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी भड़क गया और ईंट से हमला कर दिया। हमले में भानुप्रकाश शर्मा घायल हो गए।घटना के अगले दिन पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद बुधवार को आरोपी कृष्ण पाल निवासी नथपुरा के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टीजीटी परीक्षा में दो फर्जी अभ्यर्थी बायोमेट्रिक जांच में पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) परीक्षा के दौरान दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे दो फर्जी अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक जांच में पकड़ लिया गया। दोनों मामलों में संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डीएम अविनाश सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



टीजीटी परीक्षा की प्रथम पाली शुरू होने से पहले डीएम ने तिलक इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं बरेली कॉलेज पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों की तलाशी, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इसी दौरान इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में बायोमेट्रिक सत्यापन के समय एक अभ्यर्थी का डाटा मिसमैच हो गया। जांच में पता चला कि वह दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया था। केंद्र प्रशासन ने तत्काल उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि इस्लामिया इंटर कॉलेज एवं इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में विजय प्रताप सिंह के स्थान पर प्रमोद यादव परीक्षा देने पहुंचा था। बायोमेट्रिक मिलान में गड़बड़ी सामने आने पर उसे हिरासत में लिया गया। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी तरह बरेली कॉलेज में भी एक अन्य साल्वर पकड़ा गया। यहां रविंद्र नामक अभ्यर्थी के स्थान पर अमेठी निवासी राम मनोहर प्रजापति परीक्षा देने पहुंचा था। बायोमेट्रिक जांच में पहचान उजागर होने पर उसे पकड़ लिया गया। बाराद. री थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई है। पुलिस अब साल्वर गैंग के संभावित नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## माटी कला कारीगरों को मिलेगा 15 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण, आवेदन 8 जून तक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पारंपरिक माटी कला से जुड़े कारीगरों और शिल्पियों को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय निशुल्क माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि माटी कला कौशल विकास योजना के अंतर्गत यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संचा. लित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के कारीगर आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर अपना उद्यम सुगमता से संचालित कर सकें।

**स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए शुरू हुई योजना, प्रशिक्षण के दौरान दी जाएगी प्रशिक्षुवृत्ति**

उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्थापित मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र, पिपरौला, शाहजहांपुर में कराया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णत: निशुल्क एवं आवासीय होगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रशिक्षुवृत्ति भी प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें आर्थिक सहयोग मिल सके। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है तथा आवे. दक का साक्षर होना आवश्यक होगा। योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले माटी कला के कारीगर एवं शिल्पी उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 08 जून 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 35 यू/4ए रामपुर बाग, बरेली अथवा दूरभाष संख्या 0581-2567395 पर संपर्क कर सकते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रज्ञानंद ने कार्लसन पर दूसरी जीत के साथ इतिहास रचा

**भारतीय ग्रैंड मास्टर ने नॉर्वे शतरंज 2026 के आठवें राउंड में दुनिया के नम्बर-1 खिलाड़ी को एक ही टूर्नामेंट में दूसरी बार हराया**



**(नॉर्वे), वार्ता।** भारतीय ग्रैंड मास्टर आर- प्रज्ञानंद ने नॉर्वे शतरंज 2026 के आठवें राउंड दुनिया के नम्बर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को एक ही टूर्नामेंट में दूसरी बार हराकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया। वह इस प्रतिठित प्रतियोगिता में कार्लसन को दो बार क्लासिकल फॉर्मेट में हराने वाले पहले भारतीय बने हैं।

इसी के साथ टूर्नामेंट में पहले स्थान की दौड़ में नया रोमांच भर दिया है। अलीरेजा फिरोजजा ने विश्व चैंपियन गुकेश डोम्माराजू पर एक महत्वपूर्ण क्लासिकल जीत दर्ज की। सफेद मोहरों से खेलते हुए, फिरोजजा ने आपसी समय के दबाव के बीच एक तनावपूर्ण एंडगेम को कुशलता से संभाला और एक बहुमूल्य जीत हासिल की, जिससे वह टूर्नामेंट के लीडर वेस्ली सो से केवल एक अंक पीछे रह गए। प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने एक और ऐतिहासिक परिणाम दिया, जब उन्होंने नॉर्वे शतरंज 2026 में एक बार फिर मैग्नस कार्लसन को हराकर खिताब की दौड़ को और कड़ा कर दिया। 20 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने पिछले हफ्ते सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन को हराया था, ने राउंड 8 में काले मोहरों से खेलते हुए उसी कारनामे को दोहराया, और इस तरह एक ही टूर्नामेंट में कार्लसन पर दो क्लासिकल जीत दर्ज कीं। इसके साथ ही, प्रज्ञानंद भारत के दिग्गज विश्वनाथन आनंद के बाद कार्लसन को एक ही टूर्नामेंट में दो बार हराने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, और उन चुनिंदा खिलाड़ियों के समूह में भी शामिल हो गए हैं जिन्होंने पांच बार के विश्व चैंपियन को क्लासिकल शतरंज में तीन बार हराया है। वेस्ली सो और विसेंट कीमर के बीच बचा हुआ क्लासिकल गेम ड्रॉ पर समाप्त हुआ। सो ने बाद में आर्मागेडन जीत हासिल करके अतिरिक्त अंक जुटाए और अंक तालि. का में शीर्ष पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। राउंड 8 के बाद, वेस्ली सो 14 अंकों के साथ नॉर्वे शतरंज में सबसे आगे हैं। फिरोजजा 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं, जबकि प्रज्ञानंद 12 अंकों के साथ दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं, जिससे अंतिम राउंड में खिताब की दौड़ बेहद रोमांचक बनी हुई है। महिला वर्ग राउंड 8 में भी दो निर्णायक क्लासिकल परिणाम और एक आर्मागेडन निर्णायक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें बिबि. बसारा असाउबाएवा ने अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त को और मजबूत किया। असाउबाएवा ने दिव्या देशमुख पर एक महत्वपूर्ण क्लासिकल जीत हासिल की। काले मोहरों से खेलते हुए, टूर्नामेंट की लीडर ने दबाव के बावजूद संयम बनाए रखा। और जब दिव्या का समय समाप्त होने लगा, तो उन्होंने खेल को अपने पक्ष में मोड़ते हुए पूरे अंक हासिल किए। झू जिनर ने भी एक बड़ी क्लासिकल जीत हासिल की।

## सिंगापुर को 25-0 से रौंद कर भारतीय टीम अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में

**(जापान), वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम ने महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 के अपने अंतिम पूल ए मैच में सिंगापुर के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 25-0 से जीत दर्ज की। इस जबरदस्त जीत के साथ भारत ने पूल चरण को सभी मैचों में जीत के रिकॉर्ड के साथ समाप्त किया और सेमीफाइनल की ओर बढ़ते हुए पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने मुकाबले में शुरु से ही आक्रामक प्रदर्शन किया और आखिरी तक इसे जारी रखा। इस दौरान 10 अलग-अलग खिलाड़ियों ने स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज कराया। इनमें सबसे आगे नौशीन नाज रहीं, जिन्होंने सात गोल (8', 13', 17', 18', 40', 52', 58') किए। गीतश्री नामी, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, ने पांच गोल (13', 28', 47', 48', 60') किए, जबकि कप्तान स्वीटी कुजूर ने चार गोल (2', 24', 38', 45') का योगदान दिया। प्रियंका मिज ने भी हैट्रिक (22', 37', 53') बनाई, जबकि दिया (27'), नैन्सी सरोहा (36'), श्रुति कुमारी (40'), पुपा मांझी (47'), रश्मीन कौर (47') और संदीप कुमारी (51') ने इस बड़ी जीत को पूरा किया। भारत ने शुरू से ही अपने इरादे साफ कर दिए थे, जब कप्तान स्वीटी ने मैच के दूसरे ही मिनट में पहला गोल दाग दिया। नौशीन ने आठवें मिनट में बढ़त को दोग. ुना कर दिया।

## युवा अपनी दिनचर्या में साइकिल उपयोग करे: मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने बुधवार को विश्व साइकिल दिवस पर देश के युवाओं से अपनी जीवनशैली और दिनचर्या में साइकिल उपयोग करने का आह्वान किया। डॉ मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष में साझा किए विडियो में कहा कि देश की युवा शक्ति से अपील कि वे साइकिल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कसरत या एक दिन का शौक नहीं, बल्कि सशक्त और स्वस्थ जीवन शैली की पहचान है। साइकिल हमें फिट रखती है, शरीर को ऊर्जावान बनाती है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखती है। उन्होंने कहा, साइकिल को दिनचर्या का जीवन का हिस्सा बनाने से प्रदूाण कम होगा।

---

### खेल विशेष

## कीन यू इंडोनेशिया ओपन के पहले ही दौर में हुए रिटायर

**जकार्ता, वार्ता।** सिंगापुर के पेशेवर बैडमिंटन खिलाड़ी लोह कीन यू का इंडोनेशिया ओपन 2026 का सफर पहले ही राउंड में खत्म हो गया। उन्होंने हांगकांग के एनजी का लॉन्ग एंगस के खिलाफ दूसरे गेम के बाद मैच छोड़ दिया। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में लोह ने पहला सेट 21-14 से जीता, लेकिन अगला गेम 16-21 से हार गए, मैच छोड़ने से पहले वे एक बार भी बढ़त नहीं बना पाए। सिंगापुर के इस खिलाड़ी को एनजी ने पहले खेले गए पांच मैचों में कभी नहीं हराया था। पुरुष वर्ग में, दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसर्न ने भी पहले गेम में ही टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ मैच छोड़ दिया। थाईलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने केवल छह पॉइंट तक ही मैच खेला।

## रवि ब्रदर्स सीसी ने दिल्ली ब्लूज सी.सी. को 19 रन से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रतिठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के पूल डी मुकाबले में रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने दिल्ली ब्लूज क्रिकेट क्लब को 19 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने वाली दिल्ली ब्लूज सी-सी- के सामने रवि ब्रदर्स सी-सी- ने 18-3 ओवर में 150 रन बनाकर अपनी पूरी टीम गंवा दी। रवि ब्रदर्स की ओर से मयंक गुसाईं ने 19 गेंदों पर महत्वपूर्ण 26 रन बनाए, जबकि शौर्यवीर सिंह ने 27 रन और विवेक जिदर ने 20 रन का योगदान दिया। दिल्ली ब्लूज की ओर से रोहित यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3-3 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट हासिल किए।

## एलिस की शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को दुसरे ओडीआई में हराया

**लाहौर, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज में शानदार वापसी की, नाथन एलिस के चार विकेटों की बदौलत टीम सीरीज बराबर करने में कामयाब रही। लाहौर की पिच धीमी और नीची थी, जिस पर ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन गेंदबा. जी में टीम ने कमाल दिखाते हुए 41 रनों की शानदार जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही, जब एलेक्स कैरी पहली ही गेंद पर आउट हो गए। यह इस पिच के मिजाज का संकेत था, शाहीन अफरीदी की गेंद थोड़ी रुककर आई और कैरी उसे ठीक से खेल नहीं पाए, गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। जोश इंग्लिस ने कुछ चौके लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की, लेकिन अबरार अहमद के आने से पासा पलट गया, मैथ्यू शॉर्ट ने उनकी गेंद को हल्के हाथ से खेलकर वापस गेंदबाज की तरफ ही मार दिया और आउट हो गए। मार्नस लाबुशेन का 'स्लॉग स्वीप' खेलने का प्रयास सफल नहीं रहा।

---

# महिला टी-20 विश्व कप से पहले भारत इंग्लैंड से सीरीज हारा

**निर्णायक मैच भारत ने छह विकेट से गंवाया, इंग्लैंड ने 4-2 से सीरीज अपने नाम की**

**टांटन, वार्ता।** टांटन में इंग्लैंड के खिलाफ महिला टी 20 सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच भारत ने छह विकेट से गंवा दिया। एक मजबूत स्थिति में होने के बावजूद भारत ने यह मैच गंवाया, जिसके साथ ही इंग्लैंड ने महिला टी 20 विश्व कप से पहले 2.1 से सीरीज अपने नाम कर ली। कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद अर्धशतक के बावजूद, दुनिया की तीसरे नम्बर की टीम भारत का 180/5 का स्कोर, दूसरे नम्बर की टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस हाई-प्रेशर मुक. ाबले में जीत के लिए काफी साबित नहीं हुआ।

इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल सबसे सफल गेंदबाज रहीं, जिन्होंने 36 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, इंग्लैंड की टीम 38/3 के स्कोर पर मुश्किल में थी, लेकिन एलिस कैप्सी (43 गेंदों में 82 रन) और हीथर नाइट (42 गेंदों में 70 रन, नाबाद) के बीच 76 गेंदों में हुई 137 रनों की साझेदारी की बदौलत मेजबान टीम ने



18-3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओर से सिर्फ दो गेंदबाज ही विकेट लेने में कामयाब रहीं - अरुंधति रेड्डी (31 रन देकर 2 विकेट) और क्रांति गौड़ (40 रन देकर 2 विकेट)। सीरीज के शुरुआती दो मैचों में दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीता था, जिसके बाद यह निर्णायक मैच खेला गया। चेम्सफोर्ड में खेला गया पहला टी20 भारत ने जीता था, जबकि ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे मैच में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। टॉस हारने के बाद इंग्लैंड ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। शुरुआती झटकों से उबरते हुए भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने टीम को संभाला, जिसके बाद हरमनप्रीत कौर ने 40 गेंदों में नाबाद 56 रनों की संयमित पारी खेलकर टीम की पारी को मजबूती दी। शेफाली वर्मा पारी की शुरुआत में ही लिन्जी स्मिथ का शिकार बन गईं,

जबकि चौथे ओवर में चार्ली डीन ने स्मृति मंधाना को पगबाधा आउट कर दिया। यास्तिका भाटिया ने 18 गेंदों में 32 रन बनाकर पावरप्ले का स्कोर 57/2 तक पहुंचाया, जिसके बाद वह अगले ही ओवर में रन आउट हो गईं। जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंदों में 29 रन) ने हरमनप्रीत कौर के साथ मिलकर 40 रनों की साझेदारी की, जिसके बाद लॉरेन बेल ने उन्हें आउट कर दिया। 11वें ओवर में 100/4 के स्कोर पर भारत की लय बिगड़ने का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन हरमनप्रीत और दीप्ति शर्मा ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 67 रन जोड़े( इसमें दीप्ति ने 24 गेंदों में 32 रनों का योगदान दिया। दीप्ति 19वें ओवर में आउट हो गईं, लेकिन हरमनप्रीत अंत तक नाबाद रहीं और भारत को 180/5 के स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। गेंदबाजी में भी भारत की शुरुआत शानदार रही।

क्रांति गौड़ ने डैनी व्याट-हॉज और एमी जोन्स को आउट किया, जबकि अरुंधति रेड्डी ने सोफिया डंकले का विकेट लिया। इसके चलते छठे ओवर में ही इंग्लैंड का स्कोर 38/3 हो गया और वह मुश्किल में पड़ गई। हालांकि, एलिस कैप्सी और हीथर नाइट ने जवाबी हमला बोलते हुए भारत के हाथों से लक्ष्य का पीछा करने का नियंत्रण छीन लिया। कैप्सी ने 27 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और कुल 43 गेंदों में 82 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल थे। दूसरी छोर पर हीथर नाइट ने भी उसी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में नाबाद 70 रन बनाए, जिसमें 10 बाउंड्री शामिल थीं। इस जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 137 रन जोड़े और यह सुनिश्चित किया कि इंग्लैंड की लय दोबारा न बिगड़े, भले ही भारत ने गेंदबाजी के लिए छह अलग-अलग विकल्प आजमाए हों। आखिरकार 18वें ओवर में कैप्सी आउट हो गईं।

---

# टी-20 विश्व कप में शेफाली व मेरी भूमिका बेहद अहम होगी: स्मृति मंधना

**मंधाना और शेफाली ने तीन मैचों में क्रमश: 19, 27 और शून्य की ओपनिग साझेदारियां की**

**टॉन्टन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मांधना का मानना है कि मौजूदा सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी साझेदारी न करने के बावजूद वह और उनकी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा आगामी टी-20 विश्व कप की शुरुआत में अपनी टीम को अच्छी लय दे पाएंगे। मंधाना और शेफाली ने तीन मैचों में क्रमश: 19, 27 और शून्य की ओपनिग साझेदारियां कीं। इसके बावजूद मंधाना का मानना है कि विश्व कप में भारत की सफलता के लिए दोनों की भूमिका बेहद अहम होगी। पिछले साल नवम्बर में घरेलू जमीन पर वनडे विश्व कप जीतने के बाद अब भारत की



नजर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी पर है। तीसरे टी-20 में छह विकेट से हार के बाद मांधना ने कहा कि मेरे और शेफाली के लिए अच्छी बात यह है कि हम गेंद को अच्छी तरह टाइम कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से हम टीम के लिए बड़ी पारियां नहीं खेल पाए। हम दोनों नेट्स में वापस जाएंगे, कड़ी मेहनत करेंगे और एक सलामी जोड़ी के तौर पर पहले से अधिक मजबूत होकर लौटने की कोशिश करेंगे। हम दोनों हमेशा टीम को अच्छी शुरुआत देने और लय बनाए रखने पर गर्व करते हैं, लेकिन इस सीरीज में ऐसा नहीं कर पाए। हम इससे सीखेंगे और आगे बेहतर करने की कोशिश करेंगे। विश्व कप से पहले इंग्लैंड आकर यहां सीरीज खेलना तैयारी के लिहाज से निश्चित रूप से फायदेमंद है। मंगलवार को खेले गए निर्णायक मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 40 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए, जिसकी बदौलत भारत ने पांच विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। हालांकि यह स्कोर भी इंग्लैंड को रोकने के लिए काफी नहीं रहा। हरमनप्रीत की पारी पर मंधाना ने कहा कि उन्होंने आज शानदार बल्लेबाजी की। जब हरमन अपने सर्वश्रेठ फॉर्म में होती हैं तो उन्हें बल्लेबाजी करते देखना शानदार अनुभव होता है। उन्होंने मैदान के हर हिस्से में रन बनाए और दबाव की स्थिति में बेहद अहम पारी खेली। मुझे लगता है कि हमारी पूरी बल्लेबाजी इकाई अच्छी लय में है। विश्व कप से पहले यह अच्छे संकेत हैं। जेमी (जेमिमाह रोड्रिग्स), हरमन और शो सभी बल्लेबाज शानदार लय में दिख रही हैं।

# भारत की स्टार खिलाड़ी सतघरे और टीनएज टैलेंट जाधव चमकीं

**मुंबई, वार्ता।** पहली नुवामा प्राइवेट टी-20 मुंबई महिला लीग में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए, भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने बुधवार को एक बार फिर टीम की अगुवाई की। उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन खेल दिखाया, जबकि 14 साल की टीनएज सनसनी स्वरा जाधव ने गेंद से कमाल किया जिसकी बदौलत सोबो मुंबई फालकन्स ने आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब्स को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

आगे बढ़कर नेतृत्व करते हुए, सतघरे ने गेंद से शानदार स्पेल डाला। उन्होंने चार विकेट लिए और पहले ही ओवर में विकेट लेकर टाइगर्स पर तुरंत दबाव बना दिया। फाल्कन्स के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के साथ मिलकर काम करते हुए, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि विरोधी टीम कभी भी लय हासिल न कर पाए। इसके बाद, टीनएज लेफ्ट-आर्म स्पिनर जाधव (3/19) ने तीन विकेट लेकर टाइगर्स की मुश्किलें और बढ़ा दीं। उन्होंने मध्यक्रम को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद, आकाश टाइगर्स को फाल्कन्स के लगातार और कड़े आक्रमण के सामने अपनी पूरी पारी के दौरान संघा करना पड़ा। सानिका चालके ने सर्वाधिक 21 रन बनाए, लेकिन उन्हें बाकी बल्लेबाजों से बहुत कम सहयोग मिला, जिसके चलते नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। कोई बड़ी साझेदारी बनाने या जरूरत पड़ने पर रन गति बढ़ाने में असमर्थ रहने के कारण, टाइगर्स 20 ओवरों में केवल 113/9 का मामूली स्कोर ही बना पाई। जवाब में, फाल्कन्स ने निराशाजनक शुरुआत से जल्दी ही उबर लिया।

सिमरन शेख (23) और इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट सारिका कोली (33 नाबाद) ने पारी को संभाला, जिसके बाद कप्तान सतघरे (30 नाबाद) ने लक्ष्य का पीछा करने की कमान अपने हाथों में ले ली। पूरे आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए, उन्होंने कोली के साथ मिलकर 64 रनों की अटूट साझेदारी की, जिससे टीम को जीत हासिल करने में कोई और बाधा न आए। कप्तान पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं, उन्होंने तीन चौके लगाए और फाल्कन्स को आसानी से जीत की राह दिखाई, तथा 25 गेंदें शो रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले, मंगलवार को पुराों की प्रतियोगिता में, सोबो मुंबई फालकन्स को शिवम दुबे की टीम एआरसीएस अंधेरी के हाथों पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। फील्डिग चुनने के बाद, दुबे ने तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया।

---

# चीनी ताइपे को 13-1 से हराकर भारत पुरुष अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में

**काकामिगाहारा, जापान, वार्ता।** भारतीय पुरा हॉकी टीम ने बुधवार को चीनी ताइपे को पूल ए के आखिरी लीग मैच में 13-1 से हराकर अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने कजाकिस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल के मुकाबले खत्म किए, जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा।

इन चार मैचों से टीम को कुल नौ अंक मिले। चीनी ताइपे के खिलाफ टीम की आक्रामक क्षमता पूरी तरह से देखने को मिली, जिसमें आशीा तानी पूर्ति अपनी हैट्रिक (27', 35', 42') के साथ सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनकर उभरे। वहीं, गाजी खान (40', 44'), सिद्धार्थ बेन (30', 52') और राहुल यादव (20', 54') ने दो-दो गोल किए। इसके अलावा, करण गौतम (7'), प्रेमचंद सोय (11'), कप्तान केतन कुशवाहा (13') और वरिंदर सिंह (50') ने भी गोल करने में अपना योगदान दिया। भारत ने शुरू से ही अपने इरादे साफ कर दिए थे और अपने तेज-तर्रार खेल से मैच की गति को अपने नियंत्रण में रखा, जिससे चीनी ताइपे की रक्षापंक्ति लगातार मुश्किल में रही।

सातवें मिनट में करण ने भारत के पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच का पहला गोल किया और गतिरोध तोड़ा। इसके बाद प्रेमचंद (11') ने एक फील्ड गोल करके बढ़त को दोग. ुना कर दिया, जबकि कप्तान कुशवाहा (13') ने जल्द ही तीसरा गोल करके पहले क्वार्टर के अंत तक अपनी टीम को पूरी तरह से मैच पर हावी कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाए रखा। यादव (20') ने चौथा गोल किया, जिसके बाद पूर्ति (27') ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 कर दिया। सि(ार्थ (30') ने हाफ-टाइम से ठीक पहले एक और फील्ड गोल करके भारत के लिए दूसरे क्वार्टर को बेहद शानदार तरीके से समाप्त किया। हालांकि, योंग-ज्यून झांग (30') ने चीनी ताइपे के लिए एक गोल करके वापसी की( उन्होंने हॉर्न बजने से ठीक पहले एक पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके हाफ-टाइम तक स्कोर 6-1 कर दिया। हाफ-टाइम के बाद भारत ने उसी जोश के साथ खेल फिर से शुरू किया। पूर्ति ने 35वें मिनट में एक और सेट-पीस से अपना दूसरा गोल किया, जिससे स्कोर 7-1 हो गया। फिर खान (40') ने भी अपना कमाल दिखाया और एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की बढ़त को और बढ़ा दिया।

# भारत सीरीज न्यूजीलैंड के जोरदार घरेलू समर का मुख्य आकर्षण

**न्यूजीलैंड पांच बड़े सेंटर्स पर भारत की मेजबानी करेगा**

**आकलैंड, वार्ता।** भारत अक्टूबर-दिसम्बर में न्यूजीलैंड के दौरे पर जाएगा, जहां वह एक मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलेगा। यह न्यूजीलैंड क्रिकेट के 2026/27 के व्यस्त घरेलू समर का प्रमुख आर्काण होगा।

न्यूजीलैंड पांच बड़े सेंटर्स पर भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें पांच टी 20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच शामिल होंगे। न्यूघीलैंड क्रिकेट के अनुसार, मैचों (12) की संख्या के लिहाज से यह न्यूजीलैंड के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा इन-बाउंड दौरा है। दो टेस्ट मैच वेलिगटन के सेलो बेसिन रिजर्व और क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेले जाएंगे। ए टेस्ट मैच 22 अक्टूबर से शुरू होने वाले व्हाइट-बॉल दौरे के ठीक बाद खेले जाने हैं। भारत ने 2019/20 के दौरे के बाद से टेस्ट मैच खेलने के लिए न्यूजीलैंड का दौरा नहीं किया है, हालांकि इस बीच न्यूजीलैंड दो बार भारत के दौरे पर आ चुका है। इनमें 2024/25 का दौरा भी शामिल है, जिसमें न्यूजीलैंड ने भारत को टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराकर एक ऐतिहा. सिक क्लीन स्वीप किया था। भारत के साथ होने वाली वनडे सीरीज से न्यूजीलैंड के फैन्स को विराट कोहली और रोहित शर्मा को वनडे फॉर्मेट में खेलते हुए देखने का मौका मिल सकता है। यह एकमात्र ऐसा फॉर्मेट है जिससे इन दोनों महान व्हाइट-बॉल खिलाड़ियों ने अभी तक संन्यास नहीं लिया है। अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए, ए पांच वनडे मैच टूर्नामेंट की तैयारी के लिए एक बेहतरीन मौका साबित होंगे। सबसे छोटे फॉर्मेट (टी-20) की बात करें तो, दोनों टीमें आखिरी बार इसी साल टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल में आमने-सामने आई थीं। उससे पहले, साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड ने भारत का दौरा किया था, जहां उसने आठ व्हाइट-बॉल मैच खेले थे। हालांकि न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज 2-1 से जीत ली थी, लेकिन टी 20 सीरीज में उसे भारत के हाथों 4.1 से करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद न्यूजीलैंड की मेजबानी जारी रहेगी, जिसमें महिला टीम बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 और उतने ही वनडे मैच खेलेगी। पहली आईसीसी महिला टी 20 चैंपियंस ट्रॉफी को फरवरी में रीशेड्यूल किए जाने के कारण, फरवरी-मार्च में न्यूजीलैंड महिला टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा नहीं होगा। इसके बजाय, दौरे को रीशेड्यूल किया जाएगा। इसके बाद पुरा टीम चार टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, और फिर घर लौटकर श्रीलंका की मेजबानी करते हुए एक और पूरी सीरीज खेलेगी। उस सीरीज की शुरुआत तीन वनडे मैचों से होगी, जिसके बाद जनवरी 2027 में तीन टी 20 मैच खेले जाएंगे। व्हाइट-बॉल मैचों का दौर खत्म होने के बाद, दोनों टीमें दो टेस्ट मैच खेलेंगी, जिसके साथ ही न्यूजीलैंड का घरेलू समर सीजन खत्म हो जाएगा।

# सरसावा व पिलखनी रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

## नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने की थी केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात, अफसरों ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** विधायक मुकेश चौधरी की रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दिल्ली में हुई मुलाकात का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। नकुड़ विधानसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर मंगलवार को बड़ी पहल हुई। रेलवे के उच्च अधिकारियों की टीम ने विधायक मुकेश चौधरी के साथ सरसावा एवं पिलखनी रेलवे स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दोनों स्टेशनों पर यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म की ऊंचाई, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, फुट ओवर ब्रिज, पार्किंग एवं स्टेशन परिसर के सौन्दर्यीकरण का बारीकी से जायजा लिया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दोनों स्टेशनों को विकसित किया जाएगा। यहाँ यात्रियों के लिए वेटिंग हॉल, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, कोच इंडिकेशन सिस्टम, आधुनिक शौचालय और दिव्यांग. जनों के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद सरसावा वासियों एवं दैनिक रेल यात्रियों ने विधायक मुकेश चौधरी के सम्मुख रेलवे पुल निर्माण को छोटा करने की दशकों पुरानी मांग रखी। इस पर विधायक मुकेश चौधरी ने मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा की और जनता को आश्वस्त किया कि रेलवे पुल निर्माण की मांग को प्राथमिकता पर रखकर जल्द स्वीकृत कराया जाएगा।

विधायक मुकेश चौधरी ने कहा रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात के बाद नकुड़ विधानसभा में रेल विकास को नई गति मिली है। मेरा लक्ष्य है कि सरसावा और पिलखनी स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाया जाए। रेलवे पुल समेत क्षेत्र की हर मांग को पूरा कराना मेरी जिम्मेदारी है। रेल मंत्री जी का पूरा सहयोग मिल रहा है।

निरीक्षण के दौरान रेलवे के सहायक मण्डल इन्जीनियर मनीष धवन, सीनियर डीएन अनमोल नागपाल, स्टेशन अधीक्षक प्रवीश चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं मण्डल अध्यक्ष सागर चौधरी, मण्डल अध्यक्ष ओमकुमार सैनी , भाजपा नेता दशरथ राणा, मनोज पिलखनी, डायरेक्टर उज्वल माजरा, मनीष चेयरमैन, प्रधान बिक्रम सिह स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शोकाकुल परिवार से मिले विधायक नाहिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**अंबेहटा।** सोमवार को नगर के कॉस्मेटिक व्यापारी संजय मित्तल की पत्नी पूनम मित्तल की घर में घुसकर धारदार हथियार से गला रेतकर की गई हत्या के बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद व्यापारी की पत्नी पूनम मित्तल का नगर के शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा पुलिस प्रशासन से घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की।

सहारनपुर सांसद इमरान मसूद,गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह, पूर्व विधायक संजय गर्ग, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, वरिष्ठ भाजपा नेता राज सिंह माजरा, चौधरी संदीप वर्मा, मोहकम चौधरी, डॉक्टर राकिब अंजुम,जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह, संदीप चौधरी रंधेड़ी सहित कई जनप्रतिनिधि अंबेहटा पहुंचे। उन्होंने मृतका के पति संजय मित्तल एवं अन्य परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन से हत्याकांड का जल्द से जल्द खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दिनदहाड़े हुई इस जघन्य घटना से क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि आम जनता का कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन ईनाम शाकिर,बाबू नासिर, पूर्व चेयरमैन अखिलेश जैन नगर पंचायत सभासद दानिश शफिक,मनोज गुप्ता, राकेश गर्ग, आजाद अल्वी, मोहम्मद अनीस,मुनसाद अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# धूल से परेशान दुकानदारों का गुस्सा फूटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** शाहजहांपुर नकुड़ चिलकाना मार्ग पर निर्माणाधीन पुल के सर्विस मार्ग पर उड़ रही धूल से परेशान दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। बुधवार को करीब दो दर्जन दुकानदार राज्य सेतु निगम के साइट कार्यालय पहुंचे और नियमित पानी छिड़काव की मांग करते हुए विरोध जताया।

दुकानदारों का आरोप है कि पिछले ढाई वर्षों से निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन सर्विस मार्ग की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। पिछले चार दिनों से पानी का छिड़काव न होने के कारण धूल उड़ रही है, जिससे व्यापार प्रभावित होने के साथ लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विरोध के दौरान अधिकारियों ने पहले डीजल की कमी का हवाला दिया, लेकिन दुकानदारों के दबाव के बाद तत्काल पानी छिड़कवाने का आश्वासन देते कुछ देर बाद ही पानी का छिड़काव कराया गया। इस दौरान, अंकित चौधरी, मोहित चौधरी, सोनू सैनी, शिशपाल, नितिन, काला, समेत दो दर्जन दुकानदार मौजूद रहे।

## चरस के साथ पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अवैध नशा तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक शातिर आरोपी नशा तस्कर को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक नशीले पदार्थों एवं प्रतिबंधित दवाईयों की तस्करी पर पूर्णतया अंकुश लगाए जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान आपरेशन सवेरा के तहत की जा रही चौकिंग के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शातिर आरोपी नशा तस्कर समद पुत्र अकबर निवासी ग्राम दुमझेड़ा को चिलकाना शाहज. हांपुर रोड से ग्राम धौलाहेड़ी जाने वाले कच्चा पक्का मार्ग पर गिरफ्तार किया।

# रालोद का दामन थामने वालों का चौ. नीरपाल ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस व सपा छोड़कर सचिन शर्मा देवबंद, दिलनवाज देवबंद, प्रवीण धवन देवबंद, ऋषिपाल सिंह ने साथियों सहित राष्ट्रीय लोकदल का दामन थाम लिया। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने पटका पहनाकर रालोद में सभी का स्वागत किया।



हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि देवबंद विधानसभा से 2022 में आसपा से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके योगेश प्रताप सिंह गुर्जर को रालोद खेल प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। उन्होंने कहा कि खेलो को प्रोत्साहन देने के लिए योगेश प्रताप को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। योगेश प्रताप अपनी शूटिंग एकेडमी भी चलाते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी अपनी पूरी सांसद निधि खेलो को देते हैं। खेलो के माध्यम से किस प्रकार बच्चों का भविष्य बनाया जाए ये राष्ट्रीय लोकदल का विजन है।

राष्ट्रीय सचिव बनाए गए योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि जो भरोसा पार्टी ने मुझ पर किया है और जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे में निष्ठा, ईमानदारी से निभाऊंगा।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, चौ नरेंद्र सिंह गुर्जर, चौ सुशील गुर्जर, राहुल सिंह गुर्जर, चौ दीपक सिंह गुर्जर, चौ जय कुमार, टोनी सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# तीन मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार



**गागलहेड़ी।** पुलिस ने तीन शातिर मोटरसाईकिल चोरो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन शातिर मोटरसाईकिल चोर फरमान उर्फ काला पुत्र सलीम निवासी कुम्हारहेड़ा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर, शाहिद पुत्र दीन मोहम्मद निवासी बंजारा बस्ती कैलाशपुर थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर और अनीस पुत्र युसूफ निवासी बंजारा बस्ती कैलाशपुर थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर को हिंडन नदी के पुराने पुल के पास से गिरफ्तार किया है और इनका पुराना भी अपराधिक इतिहास है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी की तीन मोटरसाईकिल बरामद हुई है।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में निकाली साइकिल रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्व ब्रिक्स 2026 बेहतर कल के लिए स्वयं सेवाष अभियान के अंतर्गत ग्लोकल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व साइकिल दिवस पर एक जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की प्रेरणा से रैली का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभा त्रिपाठी एवं हॉस्पिटल इंचार्ज जोगिंदर रोहिल्ला द्वारा किया गया। रैली में विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य, तंबाकू निषेध ,पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल एक सुलभ एवं किफायती परिवहन साधन है, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का भी प्रभावी माध्यम है। नियमित साइकिलिंग से हृदय संबंधी रोगों का खतरा कम होता है, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा मानसिक तनाव में कमी आती है। साथ ही, साइकिल का उपयोग पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता कम कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देता है।




रैली के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्रदूषण कम करने तथा सामा. जिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने ष्स्वस्थ युवा, सशक्त भारतष तथा ष्हरित पर्यावरण, सुरक्षित भविष्यष जैसे नारों के साथ जनजागरण किया। साइकिल यात्रा में अभिषेक कुमार, मुस्तहाब चौधरी, शोबान चौधरी, प्रियांशु, समसुद्दीन आदि स्वयंसेवकों के साथ अथर्व रोहिल्ला की विशेष सहभागिता रही जो ग्लोकल स्कूल के छात्र हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शोभा त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा शक्ति यदि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग हो जाए तो एक स्वच्छ, स्वस्थ और सतत भविष्य का निर्माण संभव है। विश्वविद्यालय भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी एवं जागरूकता आधारित कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।यह रिपोर्ट समाचार-पत्र या विश्वविद्यालय प्रेस विज्ञप्ति के लिए उपयुक्त शैली में तैयार की गई है।

# आदेश के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प

**बेहट।** उप जिलाधिकारी बेहट मानवेंद्र सिंह द्वारा यातायात सुचारू रूप से चलाने हेतु कलसिया तिराहे से अतिक्रमण हटाने को लेकर आद. ेश जारी किए गए है। जिसके बाद अतिक्रमण कारियो में हड़कंप मचा है।

गौरतलब है कि कलसिया तिराहे पर बढ़ते अतिक्रमण की वजह से यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है और हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके चलते यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से मां शाकंभरी देवी मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को जाम में फंसना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार सड़क किनारे अस्थायी कब्जों के कारण यातायात पूरी तरह प्रभावित होता है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह द्वारा कलसिया तिराहे से अतिक्रमण हटाने को लेकर आदेश जारी किए गए है। एसडीएम द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस को कानून एवं शांति व्यवस्था के साथ अतिक्रमण हटवाकर यातायात सुचारु करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध मे एस डीएम मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि सड़क के किनारे अतिक्रमण किये जाने की ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी जिस पर उन्होंने अतिक्रमण हटवाए जाने को लेकर लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन को निर्देश दिये गये है।

# साईकिल चलाकर दिया स्वस्थता का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व साइकिल दिवस पर ईंधन बचाओ, स्वस्थ जीवन, प्रदूषण मुक्त जीवन और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर शहर में भव्य साइकिल रैली निक. ाली जाएगी।

हसनपुर चौक से साइकिल मोटिवेशन ऑफ इंडिया, डिस्ट्रिक्ट साइकिल एसोसिएशन, नगर निगम और स्टेडियम के संयुक्त तत्वावध निकाली गई रैली को संयोजक प्रेमसिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट, घंटाघर, अम्बाला रोड से होते हुए स्टेडियम पर संपन्न होगी।

प्रेम सिंह ने कहा कि साईकिल चलाने से जहां शरीर और दिमाग दोनों स्वस्थ रहते है वहीं इससे ईंधन की बचत होती है और पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता। उन्होंने कहा कि नगर के लोग साईकिल चलाकर अपने




स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते है, बल्कि मौजूदा प्रदूषण की चुनौतियों से भी निपट सकते है।

## श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा मंदिर का वार्षिकोत्सव

**गंगोह।** श्री माता वैष्णोदेवी धाम गुफा वाले मंदिर का 15वां वार्षिकोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा।

5 जून को माता ज्वाला जी की ज्योति का भव्य स्वागत होगा। जबकि 6 जून को ज्वालाजी से लाई गई ज्योति को नगरभ्रमण कराने के साथ ही आचार्य पं. अनुज शास्त्री की देखरेख में जन कल्याण यज्ञ होगा। जिसके यजमान विकास मितल, प्रदीप तायल आदि होंगे। दोपहर 11 बजे से विशाल भण्डारा और रात्रि में माता रानी के दरबार में डांडिया गरबा का आयोजन होगा। रविवार 7 जून को होने वाले 31वे जागरण में रुडकी के अतिथि कलाकार महामाई का गुणगान करेंगे।

# कमिश्नर से मिलो डेलीगेशन, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण व किसानों की समस्याओं को लेकर मंडल आयुक्त डॉ रूपेश कुमार से मिला और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।



प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारतवर्ष का ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राज्य है। बड़ा राज्य होने के कारण यहां कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोल. बाला है। प्रशासन पर शासन की कोई पकड़ नहीं रह गई है।

पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व किसान यूनियन के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक प्रदेश सचिव डॉक्टर परविंदर मलिक प्रदेश सचिव संदीप एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद मुकर्रम अली प्रधान जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला मंत्री मुनव्वर अली मंडल संगठन मंत्री धर्मपाल जोशी एजाज अली राव खालिद शामिल रहे।

# यूरिया खाद लेने आए दो पक्षों में मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** यूरिया खाद लेने आए दो पक्षों में वाहन को आगे पीछे लगाने को लेकर कहासुनी इतनी हो गई की कुछ ही देर में वह मारपीट में बदल गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन तब तक दोनों घायल वहां से चले गए।

चौधरी सिनेमा मार्ग स्थित बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर यूरिया खाद आया हुआ था। जानकारी मिलने के बाद किसान अपने ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य वाहन लेकर खाद लेने पहुंच गए। खाद का वितरण शांतिपूर्वक किया जा रहा था। बताया गया कि किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से दो बैग यूरिया व एक बैग डाई दिया जा रहा था। इसी बीच वाहन को आगे पीछे लगाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई तथा कुछ ही देर में वह मारपीट में बदल गई। मारपीट में दो लोग घायल हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन तब तक दोनों घायल वहां से चले गए। अभी तक न तो उन्होने अपना मेडिकल कराया और न ही अब तक किसी ने कोतवाली में कोई तहरीर दी है। इस घटना के बाद समिति के एमडी महीपाल सिंह ने पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण कराया।

## व्यापारियों में रोष

**गंगोह।** अंबेहटा के व्यापारी की पत्नी की नृशंस हत्या को लेकर गंगोह के व्यापारिक संगठनों ने रोष व्यक्त करते हुए घटना के खुलासे और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की।

उप्र उद्योग एवं व्यापार प्रति. निधि मंडल की नगर इकाई व गंगोह उद्योग एवं व्यापार प्रति. निधि मंडल ने अंबेहटा के व्यापारी संजय मित्तल की पत्नी पूनम मित्तल की नृशंस हत्या को अत्यंत दुखद, हृदयविदारक और समाज को झकझोरने वाली घटना बताया। और संकट की इस घडी में व्यापारी वर्ग के शोकाकुल परिवार के साथ मजबूती से खड़ा होने की बात कही है। मोल्हड मल गर्ग, मनोज गोयल, समर्थ गोयल, विकास मितल, दीपांशु गोयल, हाजी इकबाल, सुशील मित्तल, नीरज, रमेश व हिदायत करीम अंसारी मौजूद रहे।

# एम्बुलेंस सेवाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** क्षेत्र में संचालित 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली का निरीक्षण करते हुए ऑडिटर त्रिवेश शर्मा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एम्बुलेंस में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों, दवाइयों, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर, रिकॉर्ड रजिस्टर तथा साफ-सफाई व्यवस्था की गहनता से जांच की गई।



निरीक्षण के दौरान ऑडिटर त्रिवेश शर्मा ने जीवनरक्षक उपकरणों की कार्यक्षमता का परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में मरीजों को त्वरित एवं प्रभावी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) और पायलट से सेवाओं के संचालन, मरीजों को दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा तथा आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन संबंधी तैयारियों की जानकारी भी प्राप्त की।

ऑडिट के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेजों, दवाइयों और चिकित्सा सामग्री की उपलब्धता का सत्यापन किया गया। त्रिवेश शर्मा ने एम्बुलेंस कर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समयबद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस सेवाओं का नियमित गुणवत्ता ऑडिट स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन तक त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से किया जाता है। उन्होंने एम्बुलेंस स्टाफ के कार्यों की सराहना करते हुए सेवा में निरंतर सुधार, अनुशासन और जवाबदेही बनाए रखने पर बल दिया।

इस अवसर पर एम्बुलेंस कर्मियों ने भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वहीं स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस सेवा की तत्परता और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## आकाशवाणी की 'गन्ने की पाठशाला' में किसानों को मिले आधुनिक खेती के गुर

# विशेषज्ञों ने कीट एवं रोग नियंत्रण के वैज्ञानिक उपाय बताए, किसानों के सवालों का दिया समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गन्ना किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आकाशवाणी केंद्र नई दिल्ली द्वारा विशेष कार्यक्रम "गन्ने की पाठशाला" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गन्ना उत्पादन, फसल सुरक्षा, रोग एवं कीट प्रबंधन सहित खेती से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने किसानों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. उपेंद्र तेवतिया तथा बजाज चीनी मिल बुढ़ाना के वरिष्ठ गन्ना विशेषज्ञ डॉ. डी.एस. सिरोही ने विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। दोनों विशेषज्ञों ने गन्ना फसल में




लगने वाले प्रमुख रोगों और कीटों की पहचान, रोकथाम और नियंत्रण के वैज्ञानिक उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। दूरभाष के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के किसानों ने कार्यक्रम में जुड़कर अपने सवाल पूछे। किसानों ने गन्ने में लगने वाले कीटों, रोगों, उत्पादन बढ़ाने के उपायों तथा उर्वरक प्रबंधन से संबंधित जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों ने सरल और व्यावहारिक भाषा में समाधान प्रस्तुत किया। विशेषज्ञों ने बताया कि टॉप बोरर, अर्ली शूट बोरर, जड़ बेधक कीट, स्मट रोग और रेड रॉट रोग गन्ना उत्पादन को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। इनकी समय रहते पहचान और उचित उपचार से फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है। उन्होंने संतुलित उर्वरक प्रबंधन, अनुशंसित मात्रा में कीटनाशकों एवं फफूंदनाशकों के प्रयोग तथा खेतों की नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया। डॉ. उपेंद्र तेवतिया ने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग से गन्ने की उत्पादकता और गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। वहीं डॉ. डी.एस. सिरोही ने किसानों को सलाह दी कि वे फसल का नियमित निरीक्षण करें और रोग या कीट के शुरुआती लक्षण दिखाई देते ही उपचारात्मक कदम उठाएं। कार्यक्रम में किसानों को यह संदेश भी दिया गया कि बदलते कृषि परिवेश में नई तकनीकों, वैज्ञानिक सलाह और कृषि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। किसानों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें नई जानकारी मिलती है और खेती को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा जताई।

## तम्बाकू नियंत्रण हेतु जनपद में चलाया गया विशेष अभियान, 02 तंबाकू विक्रेताओं पर लगाया गया जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में तंबा. कू नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान एवं थाना एएचटीयू के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अभियान के अंतर्गत स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों के आसपास स्थित तंबाकू विक्रेताओं सहित अन्य दुक. ानों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में राजकीय रजा महाविद्यालय, पीएम श्री बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकर एवं हसरतपुर इंटर कॉलेज खौद के आसपास तंबाकू विक्रेताओं को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर कुल दो तंबाकू विक्रेताओं के विरुद्ध धारा-4 के अंतर्गत तथा तीन तंबाकू विक्रेताओं के विरुद्ध धारा-6 बी के अंतर्गत



जुर्माना की कार्यवाही की गई। साथ ही ऐसे तंबाकू विक्रेताओं, जो किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का प्रचार-प्रसार करते पाए गए, उनसे तत्काल प्रचार सामग्री हटवाई गई तथा भविष्य में इस प्रकार की गति. विधि न करने की सख्त चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम एवं थाना एएचटीयू की टीम उपस्थित रही।

जनपद प्रशासन द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि तंबाकू नियंत्रण कानूनों का पालन सुनिश्चित करें तथा युवाओं एवं विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन से दूर रखने में सहयोग प्रदान करें।

# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ भाकियू का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला कार्यालय पर किसानों की बैठक के बाद जिला महासचिव बाबर खां के नेतृत्व में किसान तहसील सदर पहुंचे और उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में ग्राम बमनपुरी स्थित गाटा संख्या 104, 105 और 106 पर भूमाफियाओं द्वारा बिना धारा-80 एवं रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की अनुमति के अवैध प्लाटिंग किए जाने का आरोप लगाया गया। किसानों ने बताया कि आरडीए द्वारा उक्त भूमि पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अवैध दाखिल-खारिज कराने के प्रयास जारी हैं। बाबर खां ने मांग की कि संबंधित गाटा संख्या को तत्काल रेड जोन घोषित किया



जाए, ताकि वहां किसी प्रकार की रजिस्ट्री या निर्माण न हो सके। साथ ही मौके पर चेतावनी बोर्ड लगाकर लोगों को अवैध प्लाट खरीदने से आगाह किया जाए। उन्होंने अवैध दाखिल-खारिज निरस्त करने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की भी मांग की। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 17 जून को सैकड़ों किसानों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सूरजपाल यादव, फरीद खां, नीरज कुमार, समी खां, मुशीब अली खां, शिवजी, जुनैद खां, मोइन खां, समर, मुताहिर, निजाम और अब्दुल रज्जाक खां समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## बारात में खाने को लेकर विवाद मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी।** थाना सैफनी क्षेत्र के ग्राम मडैयान गोर में बारात के दौरान खाना खिलाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी फैजान पुत्र अल्ताफ हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात गांव में आई एक बारात में खाना खिलाने की बात को लेकर आशिक हुसैन पुत्र अली हुसैन ने उसके भाई जुनैद के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने जुनैद के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी भी दे गया। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया। उपचार में व्यस्त रहने के कारण शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

# युवाओं के लिए नि:शुल्क सीसीटीवी कैमरा एवं सिक्योरिटी अलार्म इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण 10 जून से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), रामपुर द्वारा युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "सीसीटीवी कैमरा एवं सिक्योरिटी अलार्म इंस्टॉलेशन" विषय पर नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 जून 2026 से आरंभ होगा। प्रशिक्षण कुल 13 दिन दिया जायेगा। संस्थान के निदेशक देशराज मीणा ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवेदन 09 जून 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। प्रशिक्षण में जनपद के युवाओं के लिए कुल 30 सीटें निर्धारित की गई हैं, जिनमें से 25 सीटें ग्रामीण क्षेत्र के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित



हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवा, जो स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं अथवा तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के अवसर तलाश रहे हैं, इस प्रशिक्षण में आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड अथवा जॉब कार्ड, चार पासपोर्ट साइज फोटो एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ संस्थान परिसर में प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। आरसेटी द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को चाय, नाश्ता, भोजन, यूनिफॉर्म तथा प्रशिक्षण सामग्री भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। निदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं का लाभ लेकर अपना व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। वर्तमान समय में सीसीटीवी एवं सुरक्षा उपकरणों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह प्रशिक्षण युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार का बेहतर अवसर साबित हो सकता है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 9012183432, 9058382486 एवं 6397879587 पर संपर्क कर सकते हैं।

## रामपुर में एक बार फिर दी मुस्लिम समाज ने मानवता की मिसाल

## मृतक अब्दुल हलीम खान ने की वर्क संस्था को अपनी आंखे दान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मानवता ही सबसे बड़ा धर्म हैं कि मिसाल कायम करते हुए वर्क संस्था के सदस्य अमान खान ने अपने पिता अब्दुल हलीम खान की आंखे मरणोपरांत दान कर मुस्लिम समाज में अंग दान कर प्रेरित किया। रामपुर के घेर कलंदर खां निवासी अमान खान काफी समय से वर्ल्ड आर्गनाइजेशन रिलीसेज एंड नालेज संस्था से जुड़े हुए हैं। इस संस्था को वर्क संस्था के नाम भी जाना जाता हैं। वर्क संस्था के अध्यक्ष अल्लामा सैयद अब्दुल्लाह तारिक ने बताया कि यह रामपुर में मुस्लिम समाज में अंग दान करने का दूसरा मामला हैं। उन्होने कहा कि गैर मुस्लिमों की ओर से यह ताना दिया जाता हैं कि मुसलमान अंग लेते हैं लेकिन स्वयं अंग दान नहीं करते।

मृतक की आंखों का दान किया जा




सकता हैं या नहीं। इस विषय में भारतीय उपमहाद्वीप के उलेमा की रायों में मतभेद पाया जाता हैं। पाकिस्तान के प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान शेख जावेद अहमद गामदी का कहना हैं कि यदि कोई व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद अपने अंग किसी जरूरतमंद को लगाये जाने की वसीयत करता हें तो उसके खिलाफ दीन की किसी स्पष्ट नस में निषेध का कोई आधार नहीं हैं। इस्लामिक फिक्ह अकादमी आफ इंडिया के 2015 में केरल में आयोजित 24वें फिक्ह सेमिनार में इस विषय पर अंतिम निर्णय तक पहुंचे और बिना इस मामले को भविष्य के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके विपरीत मिस्त्र, मलेशिया, सिंगापुर, ब्रिटेन व अमे. रिका के अनेक उलेमा अंगदान को मानवता की महान सेवा तथा सदका ए जारिया मानते हैं। उल्लेखनीय हैं कि वर्क संगठन के 500 से अधिक कार्यकर्ता अपनी आंखे दान करने का संकल्प पत्र भर चुके हैं तथा संगठन के अध्यक्ष अब्दुल्लाह तारिक 2016 में ही अपने समस्त अंगों के दान का पंजीकरण करा चुके हैं। मरहूम के साहबजादे मौहम्मद अमान खां भी वर्क के सक्रिय कार्यकर्ताओं में से हैं।

## गौकशी की फिराक में दो आरोपी गिरफ्तार, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** पुलिस ने गौकशी की फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी कुलदीप राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम जूठिया गांव के जंगल क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने रुकने के बजाय फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में समीर पुत्र बसीर निवासी जूठिया के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे और उसके साथी अखलाक पुत्र बारिश को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

## हजरत नून शाह रहमतुल्लाह अलैह का चार दिवसीय उर्स शुरू, पांच जून को होगा कुल शरीफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बाजपुर-हल्द्वानी स्टेट हाईवे स्थित हजरत नून शाह रहमतुल्लाह अलैह का 28वां चार दिवसीय उर्स मुबारक मंगलवार से शुरू हो गया। उर्स का आयोजन पांच जून तक चलेगा। पहले दिन कुरआन ख्वानी के साथ उर्स का आगाज किया गया। दरगाह के सज्जादा गद्दीनशीन रफी बाबा ने बताया कि उर्स के दूसरे दिन तीन जून को अजीमोशान कव्वाली का आयोजन होगा, जिसमें मुरादाबाद के मशहूर कव्वाल सुल्तान अली साबरी अपनी प्रस्तुति देंगे।

चार जून को चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। इस अवसर पर बाजपुर के मोहल्ला मुंडियापिस्तौर से दरगाह तक चादर जुलूस निक. ाला जाएगा, जिसके बाद कव्वाली कार्यक्रम होगा।

उर्स के अंतिम दिन पांच जून को



सुबह 11 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। रफी बाबा ने बताया कि तीन से पांच जून तक दरगाह पर दिन-रात लंगर की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने अकीदतम. ंदों से अधिक संख्या में शामिल होकर दुआओं में शरीक होने की अपील की है।


# अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष बने काशिफ खां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के अभियान में सक्रिय रहे काशिफ खां को अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने यह दायित्व सौंपा है। काशिफ खां 2010 में पहली बार हरियाल ग्राम पंचायत से प्रधान निर्वाचित हुए थे। इसके बाद दूसरी बार ग्राम पंचायत मनकरा से प्रधान बने। तीसरी बार उनकी पत्नी सना काशिफ प्रधान चुनी गई, जो अब प्रशासक हैं। लम्बे समय से वो पंचायत प्रतिनिधियों को एकजुट कर उनके अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करते रहे हैं।

प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने की मांग को लेकर काशिफ



अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन

रजिस्ट्रेशन संख्या : 2/2023

ज्ञानेन्द्र सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
मो.: 9454354124

रामसेवक सिंह यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मो.: 9580848059

पत्रांक : 124
दिनांक : 28/05/2026

मनोनयन पत्र

श्री/श्रीमती: काशिफ खां
पुत्र/पत्नी: इरशाद उल्ला खां
ग्राम पंचायत: मनकरा
विकास खण्ड: चमरौआ
जनपद: रामपुर, उत्तर प्रदेश

आपको सहर्ष सूचित किया जा रहा है कि अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन मे आपको जिलाध्यक्ष- रामपुर के पद पर मनोनित किया जाता है। यह नियुक्ति तत्काल से प्रभावी है।

अतः आपको अपना कार्यभार ग्रहण करने की स्वीकृति उपरान्त अपनी कार्यकारिणी की सूची संगठन के केन्द्रीय कार्यालय को उचित माध्यम से शीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय
(ज्ञानेन्द्र सिंह)

खां भी काफी सक्रिय रहे। जिलाध्यक्ष बनाए जाने के लिए काशिफ खां ने अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसेवक सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन होगा। सभी ब्लॉकों में भी अध्यक्ष बनाए जाएंगे।

## पसमांदा समाज के जिला सचिव बने मोहम्मद अकरम अंसारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मसवासी।** ऑल इंडिया पसमांदा समाज के जिला अध्यक्ष नवी बक्स अंसारी ने मोहम्मद अकरम अंसारी को संगठन का जिला सचिव नियुक्त किया है। अकरम अंसारी मसवासी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अहमद के पुत्र हैं। नवी बख्स अंसारी ने कहा कि अकरम अंसारी की सक्रियता और समाज सेवा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अकरम अंसारी ने संगठन नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह संगठन को मजबूत बनाने और



मो. अकरम अंसारी

समाज के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## टीजीटी परीक्षा के प्रथम दिन 3609 अभ्यर्थी हुए शामिल, 2925 रहे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षा का प्रथम दिन जनपद रामपुर में शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा 3 एवं 4 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती अंजलि अग्रवाल ने बताया कि जनपद में टीजीटी परीक्षा के लिए कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम दिन पहली पाली में 11 तथा दूसरी पाली में 9 केंद्रों पर परीक्षा कराई गई। प्रशासन द्वारा सभी केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए गए थे। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में 3563 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1912 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1651 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 2971 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1697 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 1274 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बेटी सहित बाइक सवार दंपति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** मंगलवार शाम मिलक में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति और उनकी बेटी घायल हो गए। परिवार बेटी की आगामी शादी की तैयारियों के लिए सामान खरीदकर घर लौट रहा था।

हादसे के बाद तीनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार उदयपुर जागीर निवासी जस सिंह उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत हैं। मंगलवार को वह अपनी पत्नी और बेटी चांदनी के साथ शादी का सामान खरीदने रुद्रपुर गए थे। शाम करीब छह बजे जब तीनों बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी मिलक के बिलासपुर बस स्टैंड के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए, जबकि अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

बेटी चांदनी की शादी 25 जून को निर्धारित है। पुलिस मामले की



जानकारी जुटा रही है।

आवश्यकता है
हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में पेज बनाने के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसे क्वारक एक्सप्रेस सॉफ्टवेयर में काम करने का अनुभव हो।
इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
सम्पर्क सूत्र: 9720093014

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय
निकट कचहरी का दूसरा गेट कपूर फोटो के बराबर वाली गली रामपुर
इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
सम्पर्क सूत्र: 9720093014

## गिरफ्तारी की मांग को परिजनों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

# दहेज की खातिर गर्भवती महिला की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला में उस वक्त सन्नाटा चीखों में तब्दील हो गया। जब 24 वर्षीय विवाहिता प्रतिभा उर्फ पिंकी की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुई। मायके वालों का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि दहेज के लालच में की गई सोची-समझी हत्या है।

सैदनगली थाना के तरारा निवासी शीशपाल सिंह ने 3 साल पहले अपनी लाडली पिंकी की शादी चेतराम के पुत्र सोनू निवासी शाहपुर कला के साथ बड़ी हसरतों से की थी। हैसियत से बढ़कर स्विफ्ट कार और कीमती सामान दिया गया था। लेकिन ससुराल वालों की हवस कम नहीं हुई। परिजनों का कहना है कि व लगातार सोने के जेवर और बड़ी गाड़ी की डिमांड कर



■ पिता की तहरीर पर पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रहे थे। इसी जुल्म-ओ-सितम के चलते पिंकी काफी समय मायके में भी रही। लेकिन उसे क्या पता था कि ससुराल लौटना उसकी मौत के परवाने पर दस्तखत करना होगा। बेहद दर्दनाक पहलू यह है कि मृतका तीन माह की



गर्भवती थी और उसके पास एक छोटी बेटी भी है। मंगलवार शाम जब मायके वालों को खुदकुशी की खबर मिली और वे आनन-फानन में पहुंचे, तो मंजर देख कलेजा मुंह को आ गया। पिंकी का शव घर के अंदर नहीं, बल्कि बाहर पड़ा था। जो सुसराल पक्ष की योरी पर सवालों के घेरे खड़े करता है। आक्रोशित परिजनों ने हसनपुर-रहरा मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। इंसाफ की मांग को लेकर घंटों नारेबाजी हुई। मौके पर पहुंचीं धनोरा की सीओ अंजलि कटारिया और भारी पुलिस बल को परिजनों के गुस्से का सामना करना पड़ा। पुलिस और ग्रामीणों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। अधिकारियों द्वारा सख्त कार्रवाई और नामजद गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद ही जाम खुल सका। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स ने साक्ष्य जुटा लिए है। और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब देखना यह है कि कानून के हाथ इन दहेज के दरिंदों के गिरेबान तक कब पहुंचते हैं। पिंकी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सोनू सिंह, ससुर चेतराम, सास राजेश्वरी, धर्मेंद्र व आशीष के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

## शिनाख्त नहीं, पुलिस ने शव पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के कस्बा जोया के मुहल्ला इकबाल नगर क्षेत्र में सर्विस रोड पर बंद पेट्रोल पंप के सामने बुधवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग उम्र 60 वर्ष की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जोया चौकी पुलिस को दी। इसके बाद चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जोया भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक बुजुर्ग की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया गया है। जोया चौकी पुलिस मृतक की पहचान कराने और हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया की 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है परंतु अभी शिनाखत नहीं हो सकी है। शिनाखत कराने का प्रयास जारी है

# पिकअप ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चालक की मौत

## हादसे में दो सवारियां भी घायल, मौत से परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा।** तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटा। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बिरामपुर निवासी हरकेश पुत्र बाबूराम (45) ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बुधवार करीब एक बजे वह अपने ई-रिक्शा से छपना की ओर जा रहे थे। ई-रिक्शा में चंपा और बंटी नामक दो सवारियां भी मौजूद थीं। बताया जाता है कि जैसे ही उनका ई-रिक्शा बगद नदी पर स्थित तरोली पुल के निकट पहुंचा, तभी पीछे से तेज गति



से आ रहे पानी सप्लाई के एक बोलेरो पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सड़क से नीचे खाई में जा गिरा और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक हरकेश की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि जबकि चंपा और बंटी गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य शुरू



कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी मीना का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने बताया कि हरकेश मेहनती, सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्ति थे, जो ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार की आजीविका चलाते थे। उनकी असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# मासूम की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों का हंगामा

## चिकित्सक व कम्पाउंडर के खिलाफ के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के वरखेड़ा राजपूत गांव स्थित बुनियाद ईंट उद्योग पर कार्यरत रामपुर जिले के थाना मिलक क्षेत्र के बलबद्दरपुर गांव निवासी अशफाक अली ने एक निजी चिकित्सक और उसके कंपाउंडर पर उपचार में लापरवाही तथा अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

अशफाक अली के अनुसार उनकी छह माह की पुत्री इनायत को डायरिया की शिकायत होने पर मंगलवार को वह पत्नी सकीना बेगम के साथ उसे उपचार के लिए पतेई खालसा गांव स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर गए थे। आरोप है कि चिकित्सक की अनुपस्थिति में कंपाउंडर अरशद ने बच्ची को ड्रिप लगा दी। बच्ची की हालत में सुधार नहीं होने पर उसे किसी अन्य चिकित्सक को दिखाने की बात कही गई।इस पर अशफाक ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। बच्ची की हालत गंभीर होती देख वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में बच्ची का उपचार जारी है और उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। मंगलवार शाम अशफाक अली ने थाना पहुंचकर चिकित्सक और कंपाउंडर अरशद के खिलाफ उपचार में लापरवाही और अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### डिवाइडर से टकरायी बाइक, पशु कारोबारी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली सम्भल जनपद के थाना असमोली क्षेत्र के मदाला गांव निवासी मोईन मवेशियों का कारोबार करते हैं। बुधवार दोपहर वह गजरौला के साप्ताहिक बाजार से मवेशी बेचकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक जोया क्षेत्र में सोत नदी के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर लगने से मोईन की बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने घायल को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल अमरोहा रेफर कर दिया। हादसे के बाद अज्ञात बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

### डिडौली में धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का खेल खुलेआम चल रहा है। आरोप है कि खनन माफिया दिन-रात जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी का उठान कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर पूरी तरह से अनजान बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन की वजह से सड़कों की हालत खराब हो रही है और धूल-मिट्टी से आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय तेज आवाज और लगातार वाहनों की आवाजाही से लोगों की नींद तक हराम हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। इससे साफ है कि खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा और इस अवैध खनन पर लगाम लगाएगा?

### वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में नो फ्यूल जोन की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने विश्वविद्यालय परिसर को नो फ्यूल जोन बनाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कैंपस में रहने वाले छात्र, चिकित्सक, शिक्षक एवं कर्मचारी अब साइकिल और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देंगे। इस अभियान के तहत उन्होंने स्वयं नई साइकिल खरीदी है, जबकि चिकित्सकों और शिक्षकों ने भी 30 साइकिलों का ऑर्डर दिया है। डॉ. त्यागी ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री के इंधन बचाओ अभियान तथा स्वस्थ भारत-आरोग्य भारत मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### छात्रों में मारपीट से मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** हाइवे स्थित यूनिवर्सिटी से बापस बाइक से घर लौट रहे दो वाइको पर चार युवको को छात्रों के दूसरे गुट ने हाइवे पर बेल्टों से हमला कर दिया जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई । डिडौली कोतवाली के जामा मस्जिद निवासी अफरीदी असगरीपुर निवासी शम्स रजा श्योनाली निवासी मोहम्मद जेद तथा हटटुआ निवासी साहिब रजबपुर थाना क्षेत्र की एक यूनिवर्सिटी के छात्र है आरोप है कि बुधबार को कालिज से घर आते समय आनंद बिहार कालोनी के पास दूसरे गुट के दर्जन भर छात्रों ने घेर लिया और चारो की बाइक रोक बेल्टों से हमला कर दिया जिससे हाइवे पर अफरातफरी मच गई मारपीट कर आरोपी छात्र भाग गए थोड़ी देर में छात्रों के परिजन भी चौकी आ गए थे मामले की तहरीर दी दी गयी है।

### कूड़े के ढेर से बीमारियां फैलने का खतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली डिडौली स्थित संविलयन विद्यालय के पास पूरनपुर-सिवौरा तथा आबादी क्षेत्र को जाने वाले मार्ग पर ग्राम समाज की भूमि पर कूड़े के ढेर जमा होने से लोगों में संक्रामक बीमारियों का भय बना हुआ है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से यहां कूड़ा डाला जा रहा हैद्य जिससे दुर्गंध फैल रही है और मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। राहगीरों व आसपास के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कूड़े का निस्तारण कराकर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# पालिका कर्मियों से एफएसओ ने किया दुर्व्यवहार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बाजार को सही ढंग से लगवाने के लिए डयूटी पर लगे नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ नगर के फायर बिग्रेड कार्यालय के एफएसओ ने न केवल गलत बर्ताब किया बल्कि जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। वजह यह रही कि एफएसओ सरकारी भूमि पर फड़ लगवा रहे थे जबकि पालिका कर्मियों ने नियमानुसार वहां पर फड़ न लगवाने की बात कही। घटना के बाद कर्मचारियों में रोष है और उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर एफएसाओ के

■ ईओ को पत्र देकर कार्रवाई कराने की मांग

विरूद्ध कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बुधबाजार को पालिका कर्मचारी बुधवार की सुबह बाजार में डयूटी दे रहे थे। आरा. ेप है कि एफएसओ ने सरकारी भूमि पर दुकानदारों के फड़ लगवाने शुरू कर दिए। जब कर्मियों ने फड़ लगवाने से मना किया तो आरोप है कि एफएसओ ने कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। देवेन्द्र सिंह, सोनी, राजवती, मैट जयंचद, महेश, गौरव, ऊषा, दिनेश आदि कर्मचारियों ने ईओ को शिकायती पत्र देकर एफएसओ के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर एफएसओ कमलेश कुमार मिश्र ने इन आरोपों को निराधार बताया। बताया कि पालिकाकर्मी गरीब दुकानदारों को परेशान करते हैं। इतना ही नहीं अवैध वसूली भी करते हैं। लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं और मनगढ़ंत हैं। पुलिस जब जांच करेगी तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। कहा कि पालिकाकर्मी गरीब दुकानदारों को परेशान करते हैं और पैसे लेते हैं।

# सुपरवाइजर से नकदी, बाइक व मोबाइल लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हसनपुर रोड स्थित एक दुग्ध फैक्ट्री के सुपरवाईजर के साथ घर लौटते समय तीन बदमाशों ने तमंचे की नोंक पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। बदमाश सुपरवाईजर की बाइक, मोबाइल व 24 हजार रूपये की नकदी लूटकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव रहदरा का अजय पुत्र जगदीश नगर के हसनपुर मार्ग स्थित उमग डेयरीज में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। वह बुधवार को सुबह 06 बजे से 02 बजे तक की ड्यूटी



■ पुलिस बदमाशों की तलाश में कर रही काम्बिंग

करके बाइक द्वारा अपने गाँव जा रहा था। ग्राम अहरौला तेजवन के निकट उसे दूसरी दिशा से आ रही एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने रोक लिया। उन्होंने अजय के कुछ पूछने से पहले ही अजय को तमंचे की नोंक पर लेकर 24 हजार की नकदी, मोबाइल और मोटर साइकिल लूट ली। तीनों बदमाशों में से एक बदमाश अजय की बाइक लेकर और दो बदमाश अपनी बाइक से बस्ती की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश में कांबिंग शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं। बदमाश इंदिरा चौक की तरफ आते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## लूट का माल खरीदने के दो दोषियों को कोर्ट ने सुनाई तीन-तीन साल की सजा

# चालक की हत्या कर ट्रक लूटने में तीन को उम्रकैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** करीब छह वर्ष पूर्व ट्रक चालक की हत्या कर शव को तालाब में फेंकने व ट्रक का सामान लूटने के बहुचर्चित मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने हत्या और लूट के दोषी तीन आरोपियों को आजीवन कारावास तथा लूट का माल खरीदने वाले दो आरोपियों को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांचों दोषियों पर कुल 64 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अदालत के फैसले के बाद दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

हरियाणा के जिला रोहतक के सौंपला थाना क्षेत्र के गांव पकारमा निवासी संजय पुत्र सूरत सिंह पेशे से ट्रक चालक था। 31 जुलाई 2020 को वह ट्रक में माल भरकर हरदोई के लिए निकला था। दो अगस्त को उसकी परिजनों से अंतिम बार फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें संजय ने खुद को गजरौला में बताया था। रक्षाबंधन तक घर घर पहुं. चने की बात कही थी। इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था। संजय के घर नहीं पहुंचने पर परिजन तलाश करते हुए गजरौला पहुंच गए थे। यहां चौपला पुल पर जुबिलेंट फैक्ट्री के पास उसका ट्रक खड़ा मिला था।

■ छह साल पुराने मामले में आया कोर्ट का फैसला, पांचों दोषियों पर 64 हजार का जुर्माना भी लगाया

गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस ने लोकेशन जानने के लिए संजय के मोबाइल की सीडीआर निकाली थी। जिससे खुलासा हुआ था कि संजय की कुछ मोबाइल नंबरों पर लगातार बातचीत चल रही थी। सीडीआर के आधार पर पुलिस ने नौ अगस्त 2020 को गजरौला के मोहल्ला आजाद नगर निवासी सूरज रावत और टीचर्स कॉलोनी अजय गुप्ता हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। पूछताछ में दोनों ने गजरौला के ही मोहल्ला बस्ती निवासी अपने साथी प्रदीप रावत के साथ मिलकर संजय की हत्या करना स्वीकार कर लिया था। तीनों की निशानदेही पर नगर में चामुंडा मंदिर रेलवे फाटक के पास गन्ने के खेत के किनारे स्थित बूढ़े बाबा के तालाब से संजय का शव बरामद हुआ था। तीनों ने हत्या के बाद ट्रक चालक संजय का मोबाइल फोन, नकदी, ट्रक के पहिए तथा अन्य सामान लूट लिया था। बाद में लूटा हुआ समान मोहल्ला मछली मंडी निवासी रिजवान और हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के सिहाली जागीर निवासी साबिर को बेच दिया था। पुलिस ने रिजवान और साबिर से लूट का माल बरामद किया था। मामले में पुलिस ने मृतक संजय के भाई रामरूप की तहरीर पर पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। फिलहाल सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में विचाराधीन थी। अघभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र गर्ग द्वारा की जा रही थी। मंगलवार को कोर्ट ने उक्त मामले में अपनी अंतिम सुनवाई की। अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्तओं की दलीलों के साथ ही पत्रावली व साक्ष्यों का गहनता से अवलोकन किया। जिनके आधार पर कोर्ट ने पांचों को दोषी करार दिया। इसके बाद दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। बुधवार को सजा के प्रश्न पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोषी सूरज रावत, अजय गुप्ता और प्रदीप रावत को आजीवन कारावास तथा रिजवान व साबिर को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई वहीं पांचों पर 64 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# बंद पड़े कुएं में गिरने से गौवंश की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गांव हैवतपुर चौधरियान मार्ग पर रेलवे फाटक के पास बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में बंद पड़े पुराने कुएं में गिरने से एक गौवंश की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बाद में हिंदू संगठनों और प्रशासन की मौजूदगी में गौवंश को बाहर निक. ालकर भू-समाधि दी गई।बताया गया कि खेत में बना पुराना और बंद पड़ा पानी का कुआं काफी गहरा था। किसी तरह गौवंश उसमें गिर गया और बाहर नहीं निकल सका। राहगीरों और ग्रामीणों ने जब गौवंश के गिरने की जानकारी देखी तो शोर मचाया। काफी प्रयास के बाद गौवंश को गड्ढे से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



## अवैध लैब, क्लीनिक और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ चलेगा अभियानः डीएम

# सेहत से खिलवाड़ करने वालों की अब खैर नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले में झोलाछाप डॉक्टरों, अवैध पैथोलॉजी लैबों और बिना मान्यता संचालित क्लीनिकों पर जल्द ही बड़ा अभियान चलाया जाएगा। डीएम ने कहा कि आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नितिन गौड़ ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाने और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत आशा कार्यकर्ताओं एवं लाभार्थियों के लंबित भुगतान शीघ्र जारी कराने के निर्देश दिए। साथ ही

■ डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिये निर्देश

रिक्त सब-सेंटरों पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की तैनाती के लिए तत्काल डिमांड पत्र भेजने को कहा। स्वास्थ्य अधिकारियों व चिकित्सकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सभी डॉक्टर नाम की पट्टिका (बैज) लगाकर एप्रन पहनकर अस्पताल आएं। संस्थागत प्रसवों की संख्या कम मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने झोलाछाप डॉक्टरों, अवैध पैथोलॉजी लैबों और बिना मान्यता संचालित क्लीनिकों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, सीएमओ डॉ. रमाकांत सागर, सीएमएस डॉ. ए.के. भंडारी अधिकारी मौजूद रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# इच्छाशक्ति का अभाव

इसे विडम्बना ही कहा जा सकता है कि बड़े हादसों के बावजूद सबक न लेने की परिपाटी जड़ पकड़ रही है। राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव भी इस परिपाटी को खत्म करने की बजाए बल दे रहा है। देश के तमिलनाडु, गुजरात, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम और महाराष्ट्र राज्यों में अवैध शराब के सेवन से सामूहिक मौत की कई घटनाएं हो चुकी हैं। साल 2015 की मालवणी घटना के बाद, जिसमें 100 से ज्यादा लोग मारे गये थे, व्यवस्थागत सुधार के आधिकारिक वादे किये गये जो कभी पूरी तरह अमल में नहीं आये दृ न तो वहां न ही कहीं और। पिछले हफ्ते पुणे-पिंपरी-चिंचवाड़ त्रासदी सामने आयी, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा पीड़ित गरीब मोहल्लों में रहने वाले कामगार तबके के लोग हैं। प्रारंभिक जांच में कामचलाऊ से कहीं बेहतर सप्लाई चेन का पता चला है। औद्योगिक ग्रेड का मेथनाल (वह जहर जो ज्यादातर कच्ची शराब त्रासदियों के लिए जिम्मेदार होता है) राज्य के बाहर से लाया गया और तगड़ी देशी शराब बनाने के लिए उसे एथनाल में मिलाया गया। लाइसेंसी अल्कोहल की मांग को भारी राज्य करों का सामना करना पड़ता है, जिससे निम्न-आय वाले लोग अवैध शराब की ओर मुड़ते हैं। दूसरी तरफ, औद्योगिक मेथनाल मिलाने से नगण्य इनपुट लागत पर बैच की मात्रा काफी बढ़ जाती है, जिससे नफे में जबरदस्त अंतर आ जाता है। हालांकि, जांच से गुजर रहे कुछ लोगों ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा है कि अपने ग्राहकों' को जहर देना नियमित विक्रेताओं के हित में नहीं है। फिर भी, ऐसी गति. विधियां अमूमन अर्ध-दृश्यमान स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं होती हैं जो गोपनीयता से ज्यादा प्रशासकीय सहिष्णुता के बूते चलती हैं और इसलिए पुलिस व स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत के आरोपों की जांच जरूर होनी चाहिए। अधिकांश जानलेवा घटनाओं के बाद शुरुआती कानून प्रवर्तन में केवल खुदरा विक्रेताओं को गिरफ्तार किया जाता है, कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं और कथित सरगनाओं के मामले में जांच अक्सर असमान नतीजों वाली या अनिर्णायक साबित हुई है। वास्तव में, इन त्रासदियों की पुनरावृत्ति इसलिए होती है कि तबाही के कारक बार-बार साथ आ पाने में सक्षम होते हैं। फैक्ट्रियों से निकलने के बाद मेथनाल के इस्तेमाल पर नजर रखने की कोशिशों में एक बड़ी नियामकीय चूक यह है कि कितनी आसानी से इसे चुराकर अवैध शराब के लिए भेज दिया जाता है। ज्यादातर पीड़ित दिहाड़ी मजदूर होते हैं और विद्वानों का तर्क है कि शारीरिक श्रम से पैदा थकान सस्ती राहत की मांग पैदा करती है, जो जहरीले पदार्थों के प्रति सतर्कता पर भारी पड़ती है। इसमें आर्थिक अनिश्चितता और लत भी भूमिका निभाती हैं। चूंकि पीड़ित अक्सर हाशिए के समुदायों के होते हैं, इस चक्र को तोड़ने की खातिर जरूरी सुधारों (जिसमें मेथनाल का बेहतर हिसाब रखना और वहनीय अल्कोहल विकल्प शामिल हैं) को लागू करने के लिए लगातार-बरकरार राजनीतिक इच्छाशक्ति का अक्सर अभाव होता है।

## आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते आदिवासी



जनजातियों के समग्र विकास और सरकार की योजनाएं उन तक सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा, अधिकारी गांव-गांव जाकर आदिवासियों से मिलें और उनके साथ घुल- मिलकर उनकी समस्याओं को समझें, तभी वे वास्तविकताओं से अवगत हो सकेंगे, इसके बाद ही आदिवासियों के समग्र विकास की योजनाएं शासन स्तर पर बनाई जा सकेंगी, आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं, उनके साथ घुल-मिलकर ही उनकी दुश्वारियां समझी जा सकती हैं आदिवासी बहुत आत्मसम्मान से जीते हैं, उनके पास धन नहीं होगा, उनके पास खाने को कुछ नहीं होगा, लेकिन वे आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेंगे।

-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

(सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003)

# दरगाह बघरा है एकता की प्रतीक

## चार दिन तक चलने वाली मजलिसों में शामिल होंगे लाखों जायरीन

**यहां देखने पर तेज गर्मी के मौसम में कड़ी भूमि पर घोड़े की टाप के निशानात कापफी गहरे दिखाई दिए, जिसमें से अद्भुत चमत्कारी खुशबू आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुता. बिक उन्होंने ऐसी अद्भुत सुगंध कभी महसूस नहीं की। कई घंटे के प्रयासों के बाद असगर होश में आया, उसने घटित हुए वाकिए को विस्तार से बताया। बाद में विद्वानों ने तय पाया कि जहां हजरत अली के बेटे हजरत अब्बास प्रकट हुए थे, मौजूद निशानात उन्हीं के घोड़े के टापों के निशानों को सुरक्षित करे दिया गया। साथ ही हजरत अब्बास के नाम से यहां रोजा बना दिया।**



**दरगाह आलिया बाबुल हवायज से मन्नत मांगने के बाद मन्नत पूरी होने पर वार्षिक कार्यक्रमों में सभी धर्म के लोग अपनी-अपनी चादरें चढ़ाते व तबर्रुक बांटते देखे जा सकते हैं, मजलिस कार्यक्रम के साथ यहां के आल इंडिया मुशायरे में पूरे देश के शायर शिरकत करते हैं, इस भव्य दरगाह की देखरेख एक रजिस्टर्ड कमेटी अंजुमन-ए-आरफी करती है।**

प्रत्येक वर्ग के लोगों को एक कड़ी के रूप में पिरोकर धार्मिक सौहार्द्र व भाईचारा बनाने में जितनी अहम भूमिका विभिन्न स्थानों पर स्थित दरगाह व मजार निभा रहे हैं। उससे देश-विदेश में एक मिसाल कायम हो रही है। ऐसे स्थानों पर जहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि धर्मों के लोगों का संगम देखा जा सकता है।

यहां जिला मुख्यालय में 12 किलोमीटर दूर शामली मार्ग, बघरा में स्थित दरगाह आलिया हजरत अब्बास बाबुल हवायज बघरा किसी परिचय की मोहताज नहीं है। धार्मिक सौहार्द्र के प्रतीक के रूप में मशहूर इस स्थान पर विभिन्न समुदाय के लोग मन्नत-मुरादें मांगने के लिए पहुंचते हैं। शिया समुदाय के विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थल के रूप में प्रसिद्ध दरगाह में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली सालाना मजलिसों में देश-विदेश में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। मुगल बादशाह हुमायूं के शासनकाल में राजा भगीरथ द्वारा बसाई गई यह बस्ती बघरा के नाम से जानी जाती है। यहां बस स्टेंड पर स्थित दरगाह के बारे में मान्यता है कि शिया समुदाय के बहुचर्चित मौलाना फरजंद अली के इराक स्थित करबला में मुहम्मद स0 अ0 के नवासे इमाम हुसैन की कब्र से पवित्र मिट्टी लाकर बघरा स्थित इस बाग में दफन की थी, जहां फिल्हाल यह दरगाह स्थित है। इसी बाग में पहले से ही ताजिए दफन किए जाते थे।

दरगाह की उत्पत्ति भी एक विचित्र ढंग से हुई, यहां का इतिहास बड़ा रोचक है। 13 अप्रैल 1963 की शाम लगभग पांच बजे निकटवर्ती गांव सैदपुरा का असगर त्यागी नाम का युवक खेतों में पशु चरा रहा था, तभी एक नकाबपोश घुड़सवार की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी बीच घुड़सवार नकाबपोश की ठोकर असगर के मुंह पर लगी, जिससे असगर 40 कदम दूरी पर जा गिरा व बेहोश हो गया। यह खबर बघरा व सैदपुरा गांव में आग की तरह फैल गई। आसपास के गांवों में सैंकड़ों लोग वहां पहुंचे, जहां असगर बेहोश पड़ा था। यहां देखने पर तेज गर्मी के मौसम में कड़ी भूमि पर घोड़े की टाप के निशानात काफी गहरे दिखाई दिए, जिसमें से अद्भुत चमत्कारी खुशबू आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उन्होंने ऐसी अद्भुत सुगंध कभी महसूस नहीं की। कई घंटे के प्रयासों के बाद असगर होश में आया, उसने घटित हुए वाकिए को विस्तार से बताया। बाद में विद्वानों ने तय पाया कि जहां हजरत अली के बेटे हजरत अब्बास प्रकट हुए थे, मौजूद निशानात उन्हीं के घोड़े के टापों के निशानों को सुरक्षित करे दिया गया। साथ ही हजरत अब्बास के नाम से यहां रोजा बना दिया। धीरे-धीरे इस छोटे से रोजे ने अब विशाल दरगाह का रूप धारण कर लिया है। देश-विदेश से प्रतिवर्ष लाखों जायरीन यहां पहुंचते हैं और मन मांगी मुराद पाते हैं। दरगाह की प्रमुख खासियत यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली चार दिवसीय सालाना इस्लाही मजलिस कार्यक्रम है। जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में जायरीन शिरकत करते हैं। मजलिसों में इस्लाम का ज्ञान रखने वाले बुद्धिजीवी करबला की घटनाओं का सजीव वर्णन करते हैं। प्रतिवर्ष करबला का साक्षात दृश्य दिखाने के लिए मैदान भी दर्शाया गया है। दरगाह पर जियारत के लिए आने वाली हस्तियों का जमावड़ा भी यदाकदा देखा जा सकता है। यहां पर काफी समय पहले केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, स्व. फूलन देवी, सोनिया गांधी के पुत्र व कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी सहित अनेक हस्तियों ने यहां पहुंचकर मन्नत मांगी और मन्नत कबूल हुई। दरगाह आलिया बाबुल हवायज से मन्नत मांगने के बाद मन्नत पूरी होने पर वार्षिक कार्यक्रमों में सभी धर्म के लोग अपनी-अपनी चादरें चढ़ाते व तबर्रुक (प्रसाद) वितरण करते देखे जा सकते हैं। यहां चार दिवसीय मजलिसें 4 जून से शुरू होकर 5, 6 व 7 जून 2026 तक चलेंगी। जिसमें देशभर से आए हुए नामवर उलेमायदीन तकरीर करेंगे। यहां जायरीनों के लिए कमेटी की ओर से सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं।



ज़िया अब्बास ज़ैदी
वरिष्ठ पत्रकार
मोबाइल नंबर-9837776610,
ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com

**अगर उनकी संख्या घटती है, तो इसका असर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है। शोधकर्ता कहते हैं कि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि उष्णकटिबंधीय कीट बदलते मौसम के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे, लेकिन अध्ययन दर्शाता है कि दुनिया के सबसे गर्म इलाकों में तापमान में थोड़ी-सी बढ़ोतरी भी कई कीट प्रजातियों की सहनशीलता को परास्त कर सकती है।**

# बढ़ती गर्मी से कीटों पर बढ़ता जा रहा संकट

उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म और निचले स्थानों में रहने वाले कीट अत्यधिक गर्मी में भी जीवित रहने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। लेकिन एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन से पता चला है कि इनमें से कई कीट पहले ही अपनी सहनशक्ति के तापमान की सीमा के करीब रह रहे हैं। ऐसे में अगर पृथ्वी का तापमान और बढ़ता है, तो इन प्रजातियों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में यह देखा गया कि अलग-अलग कीट प्रजातियां गर्मी पर किस तरह प्रतिक्रिया देती हैं ताकि यह समझा जा सके कि जलवायु परिवर्तन उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कीटों की विविधता को कैसे प्रभावित कर सकता है।

गौरतलब है कि स्तनधारियों के विपरीत, कीट अपने शरीर का तापमान खुद नियंत्रित नहीं कर सकते। उनके शरीर का तापमान लगभग पूरी तरह आसपास के वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए अधिक गर्मी से बचने के लिए वे छांव में चले जाना, मिट्टी में दुबक जाना या ठंडक के समय में ही सक्रिय रहना जैसे तरीके अपनाते हैं। उनके शरीर में कुछ खास प्रकार के प्रोटीन भी बनते हैं, जो अधिक तापमान से कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। इन्हें 'हीट शॉक प्रोटीन' कहा जाता है, लेकिन इस सुरक्षा की भी एक सीमा है। जब तापमान एक हद से ऊपर चला जाता है, तो कीट हिलना-डुलना बंद कर देते हैं और अंततरू मर जाते हैं। कीटों की अधिकतम ऊष्मा-सहनशीलता सीमा को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने लगभग 2300 प्रजातियों पर एक बड़ा फील्ड अध्ययन किया। यह काम पर्यावरण वैज्ञानिक किम ली होल्जमैन के शोध से शुरू हुआ था। उन्होंने पेरू के एंडीज पर्वत क्षेत्र में अलग-अलग ऊंचाइयों से कई मौसमों के दौरान कीट इकठा किए। हर कीट को एक छोटी ट्यूब में रखकर धीरे-धीरे बढ़ती गर्मी के संपर्क में लाया गया। वैज्ञानिक यह देखते रहे कि किस तापमान पर कीट हिलना-डुलना बंद कर देता है, क्योंकि यही उसकी गर्मी सहने की अधिकतम सीमा मानी जाती है। बाद में इसी तरह का प्रयोग केन्या के एक अन्य उष्णकटिबंधीय पर्वतीय क्षेत्र में भी किया गया। अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि अलग-अलग कीट समूहों की गर्मी सहने की क्षमता अलग होती है। उदाहरण के लिए, मक्खियां सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं और औसतन लगभग 39 डिग्री सेल्सियस पर ही उनकी गति. विधि रुकने लगती है। भृंग (बीटल) थोड़े मजबूत होते हैं और करीब 41 डिग्री सेल्सियस तक गर्मी सह सकते हैं। मधुमक्खियां और अन्य कॉलोनी बनाकर रहने वाले कीट इससे थोड़ी अधिक गर्मी झेल सकते हैं। टिड्डे और उनसे मिलती-जुलती प्रजातियां सबसे ज्यादा सहनशील पाई गईं, जो लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान सह सकती हैं। इन समूहों के अंतर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने सैकड़ों कीट प्रजातियों के जेनेटिक डैटा का अध्ययन किया। कंप्यूटर मॉडल की मदद से उन्होंने देखा कि कीटों के शरीर में मौजूद हीट शॉक प्रोटीन की संरचना किस तापमान पर बिखरने लगती है। नतीजे प्रयोगों से मिले परिणामों से मेल खाते थेय जिन प्रजातियों के प्रोटीन अधिक स्थिर थे, वे अधिक गर्मी सहन कर पाए। इससे संकेत मिलता है कि गर्मी सहने की यह सीमा कीटों की जैविक बनावट से जुड़ी है और जैविक बनावट सहस्राब्दियों में बदलती है, अर्थात इन कीट प्रजातियों की स्थिति कमोबेश स्थिर रहेगी। यह अध्ययन चिंताजनक है। जलवायु मॉडल बताते हैं कि इस सदी के अंत तक उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों का तापमान इतना बढ़ सकता है कि लगभग आधी कीट आबादियां कुछ घंटों तक भविष्य की गर्मी झेलने के बाद बेहोशी जैसी स्थिति में पहुंच सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी चरम स्थिति आने से पहले ही कीटों की संख्या घटने लग सकती है, क्योंकि लंबे समय तक गर्मी का दबाव उनके जीवित रहने और प्रजनन की क्षमता को कम कर देता है। कीट पर्यावरण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परागण, जैविक कचरे का विघटन करके वे खाद्य संजाल का एक जरूरी हिस्सा होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पत्रकारिमा में गिरती रैंकिंग

**पिछले दिनों गोदी मीडिया से जुड़े एक प्रसिद्ध टी वी चैनल की एक प्रसिद्ध महिला ऐंकर अंजना ओम कश्यप ने एक लाइव शो के दौरान हुई एक अभद्र टिप्पणी करते हुए यूट्यूब टीचर्स और ऑनलाइन एजुकेटर्स पर निशाना साधा। उन्होंने यूट्यूब टीचर्स के लिए दो कौड़ी के, लुटेरे, छिछले यूट्यूबर और भाड़े के वीडियो जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। अपनी बकवास में उन्होंने कहा कि यूट्यूब स्टार टीचर्स को दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन के नाम पर यह शिक्षक केवल व्यूज और कमाई के लिए कंटेंट बनाते हैं। कम जानकारी के कारण ऐसे टीचर्स छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भ्रामक हेडलाइंस लिखकर व्यूज बटोरते हैं। इस गैर जिम्मेदाराना व अपमानजनक टिप्पणी के बाद देश के अनेकानेक प्रसिद्ध यूट्यूबर्स खासकर शिक्षकों, ऑनलाइन एजुकेटर्स व उनके छात्रों व समर्थकों का गुस्सा इस महिला ऐंकर फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त ट्रोलिंग हुई।**



निर्मल रानी

पेरिस-आधारित अंतर्राष्ट्रीय संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा वार्षिक रूप से जारी किए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक के अनुसार यदि भारतीय पत्रकारिता की रैंकिंग पर नजर डालें तो 2026 में यह 180 देशों में 157 वें स्थान पर है। पिछले वर्ष से यह रैंकिंग 62 अंक नीचे गिरी है। यह स्थिति विश्व में भारतीय पत्रकारिता की बहुत गंभीर श्रेणी की तरफ इशारा करती है, जबकि नॉर्वे, एस्तोनिया व नीदरलैंड्स जैसे देशों के नाम इस सूची में शीर्ष पर हैं। चिंता की बात तो यह है कि पड़ोसी देशों नेपाल,मालदीव व लंका जैसे देशों की स्थिति भी भारत से बेहतर है। गोया भारत में प्रेस स्वतंत्रता इस समय संकट के दौर से गुजर रही है जिसकी वजह सत्ता का नियंत्रण,राजनीतिक दबाव, अप्रत्यक्ष डिजिटल निगरानी,विज्ञापन की लालच, मीडिया घरानों पर सत्ता से जुड़े लोगों का नियंत्रण व पत्रकारों के साथ होने वाली हिंसा व अन्याय प्रमुख कारण हैं। यही वजह है कि भारतीय मीडिया गोदी मीडिया के नाम से भी प्रचलित हो गया है। हालांकि सत्ता की चाटुकारिता के इसी दौर में पूर्व में गोदी मीडिया से जुड़े रहे अनेक ईमानदार पत्रकार अपने निजी यू-ट्यूब चैनल चलाकर भारतीय मीडिया की साख बचाने की कोशिश जरूर कर रहे हैं।

अफसोस की बात तो यह है कि जनता द्वारा गोदी पत्रकार,चरण चुंबक पत्रकार, दलाल जैसी उपाधियों से नवाजे जाने व सोशल मीडिया पर आम जनता की लानते सुनने के बाद भी यह गोदी पत्रकार ईमानदारी से पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाए अपने बेतुके बोल, सत्ता के प्रति अपनी वफादारी व अज्ञानता पूर्ण बातों के चलते आम लोगों की नफरत का पर्याय बनते जा रहे हैं। यही वजह है कि शो पीस रूपी इन ऐंकर्स व इनके टीवी चैनल्स की लोकप्रियता व इनके दर्शकों की संख्या जहां दिन प्रतिदिन गिरती जा रही है वहीं यू ट्यूब चैनल्स व सोशल मीडिया से जुड़े ईमानदार पत्रकारों के दर्शकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। पिछले दिनों गोदी मीडिया से जुड़े एक प्रसिद्ध टी वी चैनल की एक प्रसिद्ध महिला ऐंकर अंजना ओम कश्यप ने एक लाइव शो के दौरान हुई एक अभद्र टिप्पणी करते हुए यूट्यूब टीचर्स और ऑनलाइन एजुकेटर्स पर निशाना साधा। उन्होंने यूट्यूब टीचर्स के लिए दो कौड़ी के, फ्रॉड, लुटेरे, छिछले यूट्यूबर और भाड़े के वीडियो जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। अपनी बकवास में उन्होंने कहा कि यूट्यूब स्टार टीचर्स को दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन के नाम पर यह शिक्षक केवल व्यूज और कमाई के लिए कंटेंट बनाते हैं। कम जानकारी के कारण ऐसे टीचर्स छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ए सिर्फ भ्रामक हेडलाइंस लिखकर व्यूज बटोरते हैं।

इस गैर जिम्मेदाराना व अपमानजनक टिप्पणी के बाद देश के अनेकानेक प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स खासकर शिक्षकों, ऑनलाइन एजुकेटर्स व उनके छात्रों व समर्थकों का गुस्सा इस महिला ऐंकर फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त ट्रोलिंग हुई। देश विदेश से लोगों ने वीडियो बनाकर उस महिला एंकर के इस बेह. ूदा बयान की निंदा की तथा उन्हें पत्रकारिता के दायित्व व कर्तव्य बताते हुए आइना दिखाना शुरू कर दिया। कुछ ने तो यहां तक कह दिया कि वे जिन शिक्षकों के बारे में यह कह रही है कि उन्हें दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता तो दरअसल उन जैसी पत्रकारों को फूटी कौड़ी का भी ज्ञान नहीं है, अन्यथा आज के सूचना व संचार के आधुनिक दौर में जब पूरे विश्व में ज्ञान का माध्यम यू ट्यूब व एआई ही है, उस माध्यम पर ऐसी घटिया टिप्पणी नहीं की गई होती। वास्तव में शिक्षक पूरी मेहनत से बच्चों को पढ़ाते हैं और बेरोजगारी, परीक्षा प्रणाली, महंगाई व पेपर लीक जैसे मुद्दों को उठाते हैं जबकि इन शिक्षकों को अपमा. नित करने वाला गोदी मीडिया वास्तविक मुद्दों को उठाकर पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाए सत्ता की चापलूसी करने में व्यस्त रहता है।

इसी तरह पिछले दिनों उत्तराखंड के कोटद्वार के दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक के जिम पर आर्थिक संकट आ गया, क्योंकि हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद उनके जिम से अनेक लोगों ने अपने संबंध तोड़ लिए। इसी विषय को लेकर अजित अंजुम व अशोक कुमार पांडेय जैसे जिम्मेदार पत्रकार व प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स ने दीपक की आर्थिक सहायता की अपील की। परिणाम स्वरूप देशभर के अमन पसंद लोगों ने दीपक की इतनी सहायता कर दी कि उनका संकट कई वर्षों के लिए टल गया। इस अपील पर तमाम नए लोगों ने जिम की सदस्यता भी लेकर दीपक की आर्थिक मदद की। परन्तु अमन चोपड़ा नमक इसी गोदी मीडिया के एक बदनाम शुदा एंकर ने इस खबर को नकारत्मक रूप में पेश करते हुए अपनी ओछी व घटिया टिप्पणी में दीपक की आर्थिक तंगी का मजाक उड़ाते हुए और उसपर तंज कसते हुए कहा कि सेक्युलरिज्म का वजन नहीं उठा पाए पहलवान दीपक ओ सॉरी, मोहम्मद दीपक। उसने यह भी कहा कि नाम के आगे मोहम्मद लगाने से भी उनके विचार को फ्लॉप कर दिया गया। मोहम्मद दीपक के लिए, कोई मोहम्मद उस तरह से खड़ा नहीं हुआ। इस नफरती ऐंकर ने आर्थिक संकट के समय दीपक का मजाक उड़ाया जबकि दीपक ने कोटद्वार घटना के समय धर्म नहीं बल्कि केवल इंसानियत दिखाई थी। बहरहाल भारतीयता के पैरोकार देश भर के हजारों शांतिप्रिय लोगों ने दीपक की अनअपेक्षित सहायता कर नफरती चिंटुओं के मुंह पर तमाचा जड़ दिया।

दरअसल यह उन्हीं कथित पत्रकारों का गिरोह है जिसने 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के समय जब एक गोदी चैनल पाकिस्तान के 5 शहर तबाह होने का दावा कर रहा था तो दूसरे चैनल ने कहा था कि 25 शहर तबाह हो गए। यह वही एंकर्स हैं जो स्टूडियो में बंदरों की तरह उछलते हैं और अभद्र शब्दावली का प्रयोग यहां तक कि लड़ाई व मारपीट को भी प्रोत्साहित करते रहते हैं। यह कथित पत्रकार धर्म-जाति के आधार पर समाज बांटने वाली बातें करते हैं तथा 2000 की नोट में चिप लगी होने का भ्रामक दावा कर भारतीय करेंसी को भी बदनाम करते हैं। ऐसे अनेक लोग कभी किसी अपराध में जेल जा चुके हैं तो कभी अपने भ्रामक बयानों के लिए मुआफी मांग चुके हैं। अपना भ्रामक व गुमराह करने वाले ट्वीट डिलीट करने में भी इन्हें महारत हासिल है। अदालती फटकार भी इन्हें आए दिन सुनने को मिलती रहती है। सत्ता की खुशामद कर समाज में नफरत फैलाकर केवल धन कमाने वाले ऐसे लोगों को पत्रकार नहीं बल्कि पत्थरकार कहना ज्यादा मुनासिब होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस में टूट होने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब देती पूर्व सीएम ममता बनर्जी।

## कुवैत हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला, एक भारतीय नागरिक की मौत

**कुवैत।** कुवैत हवाई अड्डे पर हुए एक भीषण हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। कुवैत में स्थित भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। दूतावास ने भारतीय नागरिक की मौत पर गहरा दुख जताया है। दूतावास के अधिकारी पीड़ित परिवार के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। वे परिवार को हर मुमकिन सहायता और सहयोग देने के लिए कुवैत के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। इस हमले में जो लोग घायल हुए हैं, दूतावास उन्हें भी पूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहा है।

# मौत के 4 महीने बाद सुपुर्द-ए-खाक होंगे खामेनेई

## जनाजे में शामिल हो सकते हैं 2 करोड़ लोग, अमेरिका-इजरायल के हमले में उनकी मौत हुई थी

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर रहे अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के लगभग चार महीने बाद उन्हें दफनाया जाएगा। खामेनेई को उनकी अंतिम इच्छा के मुताबिक मशहद शहर में शिया इस्लाम के चर्चित इमाम रजा के पवित्र दरगाह परिसर के पास दफनाया जाएगा। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक खामेनेई को 21 जून के आसपास आखिरी विदाई दी जा सकती है।

28 फरवरी को तेहरान में उनके आवास पर हुए अमेरिका-इजराइल के हमले में उनकी मौत हो गई थी। उनका राजकीय अंतिम संस्कार पहले 4 मार्च को होने वाला था, लेकिन युद्ध की वजह से इसे टाल दिया गया था। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं। लोगों को अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे तीन दिन निर्धारित किए गए हैं। ईरान के तेहरान में, पूर्व सुप्रीम लीड अयातुल्ला अली खामेनेई के कार्यालय के पास उनकी कुर्सी और एक तस्वीर प्रदर्शित की गई है। खामेनेई का मुख्य अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में होगा, जो कम से कम 24 घंटे तक चलने की उम्मीद है। इसके बाद पार्थिव शरीर को धार्मिक शहर कुम ले जाया जाएगा और फिर मशहद पहुंचाया जाएगा, जहां इमाम रजा के दरगाह परिसर में दफनाया जाएगा। तेहरान नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि दफन से पहले खामेनेई के पार्थिव शरीर को कुम और मशहद की सड़कों पर अंतिम यात्रा के रूप में ले जाया जाएगा। यह जानकारी आईआरजीसी के एक बयान में दी गई, अगर खामेनेई के जनाजे में वास्तव में 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, तो यह इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के 1989 वाले रिकार्ड से कहीं बड़ा आयोजन होगा। 1989 में अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के जनाजे में करीब 1 करोड़ (10 मिलियन) लोग शामिल हुए थे। यह उस समय ईरान की कुल आबादी का लगभग छठा हिस्सा था। इस कार्यक्रम को आज भी दुनिया के सबसे बड़े जनाजों में गिना जाता है। इतनी भारी भीड़ उमड़ी थी कि भगदड़ मच गई थी, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग घायल हुए थे। इस बार अधिकारी इससे भी बड़ी भीड़ को संभालने और किसी हादसे से बचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युद्ध के प्रभाव से उबर रहे देश में इतना बड़ा आयोजन कराना बड़ी चुनौती माना जा रहा है। अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम संस्कार में हुई देरी इस्लामी परंपरा के लिहाज से असामान्य मानी जा रही है। आमतौर पर इस्लाम में किसी व्यक्ति को मौत के एक-दो दिन के भीतर दफना दिया जाता है। हालांकि ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, भारी भीड़ की उम्मीद और युद्ध के हालात के कारण अंतिम संस्कार में देरी हुई। तेहरान नगर निगम में सामाजिक और सांस्कृतिक मामलों के उपप्रमुख मोहम्मद अली तवक्कोलीजादेह ने अंतिम संस्कार की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने सरकारी टेलीविजन से कहा कि खामेनेई के लिए तीन दिन का सार्वजनिक जनाजा आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने यह नहीं बताया कि जनाजा कब होगा, लेकिन कहा कि यह इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम की शुरुआत में हो सकता है, जो 21 जून के आसपास में पड़ता है।



■ खामेनेई का मुख्य अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में होगा, जो कम से कम 24 घंटे तक चलने की उम्मीद है

# ईरान के केशम द्वीप पर अमेरिका ने बोला हमला

## ईरान ने भी खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकेबंदी का उल्लंघन करने वाले एक तेल टैंकर को रोकने के कुछ ही घंटे बाद, मंगलवार रात को ईरान के रणनीतिक केशम द्वीप पर बने एक सैन्य नियंत्रण केंद्र पर हमला कर दिया। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से पलटवार किया।

इस दौरान कुवैत के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी हमला हुआ, जिससे वहां भारी नुकसान हुआ है और कई लोग घायल हुए हैं। केशम द्वीप पर हमले से पहले अमेरिकी सेना ने बोत्सवाना के झंडे वाले 'एम/टी लेक्सी' नाम के एक सुपरटैंकर को अपने हेलफायर मिसाइल से पंगु बना दिया था। अमेरिका का दावा है कि इस टैंकर ने नाकेबंदी के नियमों को मानने से बार-बार इन्कार कर दिया था।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, यह खाली जहाज ईरान के खार्ग द्वीप की ओर जा रहा था और उसने 24 घंटे के भीतर कई बार सैन्य निर्देशों को मानने से इनकार किया था। इसके बाद एक अमेरिकी विमान ने जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसाइल दागकर उसे आगे बढ़ने से रोक दिया। सेंटकॉम ने कहा कि एक अमेरिकी विमान ने आखिरकार जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसाइल दागकर उसे निष्क्रिय कर दिया, जिससे वह ईरान नहीं पहुंच सका। अमेरिकी सेना के अनुसार, 13 अप्रैल को नाकेबंदी लागू होने के बाद से रोका गया यह छठा जहाज है, लेकिन अरब खाड़ी के भीतर किसी जहाज पर हमले का यह पहला मामला है। ईरान ने भी इस पर बहुत तेजी से पलटवार किया। उसने कुवैत और बहरीन की तरफ बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। सेंटकॉम ने बताया कि कुवैत की ओर दागी गई, दो मिसाइलें या तो रास्ते में ही गिर गईं या हवा में नष्ट हो गईं, जबकि बहरीन को निशाना बनाकर दागी गई तीन मिसाइलों को अमेरिका और बहरीन के एयर-डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' ने इस इलाके में कई हथियारबंद ड्रोन भी भेजे। सेंटकॉम का हालांकि दावा है कि आम जहाजों को नुकसान पहुंचाने से पहले ही तीन ड्रोनों को नष्ट कर दिया गया। बाद में कुवैत ने पुष्टि की कि ईरान के ड्रोनों ने उसके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया है, जिससे हवाई अड्डे की इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है और कई लोग घायल हुए हैं। इस हमले के बाद बुधवार सुबह से वहां विमानों की आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन ने हालांकि अभी तक घायल होने वाले लोगों की सही संख्या या उनकी हालत के बारे में जानकारी नहीं दी है। न्यूज चैनल 'अल जजीरा' के अनुसार, कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने हमले की कड़ी निंदा की और इसे 'ईरान की आपराधिक हरकत' करार दिया। दूसरी तरफ, ईरान की आईआरजीसी ने अपनी इस कार्रवाई को सही ठहराते हुए अमेरिका को आगे तनाव न बढ़ाने की चेतावनी दी और एक बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की अमेरिकी सेना को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह तनाव ऐसे समय में बढ़ा है, जब इस महीनों पुराने विवाद को सुलझाने की राजनयिक कोशिशें पूरी तरह नाकाम होती दिख रही हैं। कुछ दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि ईरान 'वाकई एक समझौता करना चाहता है, जो अमेरिका के हक में होगा।' लेकिन सप्ताहांत में हुई बातचीत तब टूट गई, जब अमेरिका ने यूरेनियम संवर्धन और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर नई शर्तें सामने रख दीं। ईरान ने इन प्रस्तावों को सिरे से खारिज करते हुए अमेरिका पर बातचीत के दौरान अपना स्टैंड बदलने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका लगातार अपना रुख बदल रहा है और नई एवं विरोधाभासी मांगें सामने रख रहा है।



■ अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकेबंदी का खुलकर किया उल्लंघन

### अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता टूटने की आशंका प्रबल

**दोहा।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे शांति समझौते की टूटने की आशंका जताई जा रही है। कतर में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मेहरान कामरावा ने बताया कि फारस की खाड़ी में तनाव और सैन्य टकराव किसी भी पल फिर से शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान की परिसंपत्तियों पर लगी रोक और ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों को हटाने का प्रश्न अब भी बातचीत में प्रमुख गतिरोध बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हालांकि समझौते पर मोटेतौर पर रूपरेखा पर सहमति बन गई है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार नए संशोधन करने की प्रयास कर रहे हैं, जिसे ईरान भरोसे के लायक नहीं मानता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ईरान चाहता है कि अमेरिका उसके खिलाफ लगे प्रतिबंधों को हटा ले, जबकि ट्रम्प का कहना है कि प्रतिबंधों में राहत ‘ईरान के बर्ताव’ के आधार पर दी जानी चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात पर भी अड़े हैं कि समझौते के तहत ईरान की जब्त की गई राशि जारी नहीं की जाएगी, भले ही मसौदा समझौते में इन संपत्तियों का आधा हिस्सा जारी करने का प्रावधान है। समझौते के स्वरूप को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच मतभेद बरकरार हैं। प्रो. कमरावा बताते हैं, ईरानियों और अमेरिकियों की इस बात को लेकर बिल्कुल अलग-अलग धारणाएं हैं कि किसी समझौते का स्वरूप कैसा होना चाहिए।

# खलीलुर रहमान संयुक्त राष्ट्र महासभा के अगले अध्यक्ष निर्वाचित

■ बंगलादेश के विदेश मंत्री ने कड़े मुकाबले में साइप्रस के एंड्रियास काकौरिस को पराजित किया

**संयुक्त राष्ट्र।** बंगलादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कड़े मुकाबले में साइप्रस के एंड्रियास काकौरिस को पराजित किया। गुप्त मतदान के जरिए हुए चुनाव में खलीलुर रहमान को 99 मत मिले, जबकि काकौरिस को 91 मत प्राप्त हुए। कुल 190 मत डाले गए और कोई भी मत अमान्य या अनुपस्थित नहीं रहा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्षता पांच क्षेत्रीय समूहों के बीच क्रमवार बदलती है और 81वां सत्र एशिया-प्रशांत समूह के हिस्से में आया है। वह आठ सितम्बर से एक वर्ष का कार्यकाल संभालेंगे। उनका कार्यकाल ऐसे समय शुरू होगा, जब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का कार्यकाल 31 दिसम्बर 2026 को समाप्त हो रहा है और उनके उत्तराधिकारी के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। खलीलुर रहमान को कूटनीति और बहुपक्षीय संस्थाओं में चार दशक से अधिक का अनुभव है। वह फरवरी से बंगलादेश के विदेश मंत्री हैं। इससे पहले वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रोहिंग्या मुद्दे पर उच्च प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। चुनाव के बाद महासभा को संबोधित करते हुए खलीलुर रहमान ने कहा कि वह विनम्रता और जिम्मेदारी की भावना के साथ यह दायित्व स्वीकार कर रहे हैं, ऐसे समय में जब अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र पर भरोसा कई मोर्चों पर चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र अपने नौवें दशक में ऐसे समय प्रवेश कर रहा है जब संगठन की क्षमता और विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। विभिन्न चुनौतियां लोगों के विश्वास को कमजोर कर रही हैं। वर्तमान महासभा अध्यक्ष एनेलेना बेयरबॉक ने चुनाव के बाद कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस समय अत्यंत कठिन दौर से गुजर रहा है।

# भारत नेपाल के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक: मोदी

■ नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने राजधानी दिल्ली में मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत नेपाल के नए नेतृत्व के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने को लेकर उत्सुक है। नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को यहां मोदी से मुलाकात की। बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। एक साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का मैं स्वागत करता हूं और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूं। नेपाल को भारत की ओर से दी जाने वाली अहमियत को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत एक प्राथमिकता वाला भागीदार है और हम वहां की नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हमारे दोनों देशों के बीच विशेष और बहुआयामी संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। इससे पहले लामिछाने ने मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। गौरतलब है कि लामिछाने के नेतृत्व में नेपाल का एक प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय दौरे पर भारत आया हुआ है। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और नेपाल आपसी सम्पर्क, ऊर्जा, व्यापार, बुनियादी ढांचे और लोगों के बीच आपसी मेलजोल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# इजरायल में बन रहे गृहयुद्ध जैसे हालात

### अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में हिंसक प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात बाधित कर दिया और कुछ स्थानों पर कारों में आग लगाई

**यरूशलम।** इजरायल में हजारों अति-रूढ़िवादी यहूदियों ने अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन किया और सड़कें जाम कीं।

हिंसक प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात बाधित कर दिया और कुछ स्थानों पर कारों में आग लगा दी। पुलिस ने कहा, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को रोका और एक बस से उतरे सैनिक पर हमला किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को पानी की बौछारों का इस्तेमाल करना पड़ा। प्रदर्शन से जनजीवन ठप हो गया। हालात इतने विकट हो गए कि मध्य क्षेत्र स्थित यरुशलम और तेल अवीव में प्रमुख राजमार्ग बंद हो गए तथा सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी प्रभावित रहीं। इजरायल में अधिकतर यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, प्रभावशाली लोग छूट हासिल करते रहे हैं। अब यह छूट खतरे में दिख रही है। बड़ी संख्या में इजरायली युवक लंबे समय से चली आ रही इस व्यवस्था से असंतुष्ट हैं। यह असंतोष सेना के दबाव झेलने के चलते बढ़ गया। इजरायली युवाओं में अनिवार्य सैन्य भर्ती के लिए आक्रोश इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि अनेक नागरिकों को रिजर्व डयूटी के लिए बार-बार मोर्चे पर लौटना पड़ा है। खासतौर पर पिछले कुछ वर्षों में गाजा और फिर लेबनान, ईरान तथा यमन में शुरू लड़ाई के चलते युवाओं के लिए यह नियम परेशानी बन गया है। इससे परिवारों में भी असंतोष है। यह विवाद अब पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी गंभीर सियासी संकट का कारण बन गया है। अति-रूढ़िवादी दलों द्वारा सरकार से समर्थन वापसी के बाद गठबंधन में दरार गहरा गई है। इसके चलते इस वर्ष के चुनाव समय पूर्व कराए जा सकते हैं।



# भारत समेत 60 देशों पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

■ कहा: जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं 60 देश

**वाशिंगटन।** अमेरिका एक तरफ भारत के साथ संबंध बेहतर करने की दुहाई दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन भारत के खिलाफ कार्रवाई से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल अमेरिकी सरकार एक बार फिर भारत पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी कर रही है।

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि यूएसटीआर ने भारत समेत 60 देशों पर ये नया टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है। टैरिफ लगाने की वजह ये बताई गई है कि भारत समेत 60 देश जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी व्यापार कानून 1974 की धारा 301 के तहत पाया गया है कि 60 देशों की नीतियां और कार्यशैली अमेरिकी व्यापार पर गैरजरूरी दबाव बढ़ाती हैं और अमेरिकी व्यापार को बाधित करती हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय, अमेरिका की एक कार्यकारी संघीय एजेंसी है, जो अमेरिका की विदेश व्यापार नीति बनाने के लिए जिम्मेदार है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अनुसार, भारत समेत 54 देश उन सामानों के निर्यात पर जरूरी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं, जिन्हें जबरन श्रम द्वारा बनाया जाता है।

# क्यूबा पर हमले की तैयारी कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने क्यूबा को विफल देश बताते हुए उसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ता हुआ खतरा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्यूबा में चीन और रूस की खुफिया गतिविधियां चल रही हैं और क्यूबा पूरे लैटिन अमेरिका में अमेरिका-विरोधी गतिविधियों को समर्थन देता है। राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश विभाग और संबंधित कार्यक्रमों पर बनी संसदीय उपसमिति के सामने बोलते हुए रूबियो ने कहा कि क्यूबा की आर्थिक बदहाली और अमेरिका के विरोधी देशों के साथ उसके करीबी रिश्ते, पश्चिमी क्षेत्र में अमेरिकी हितों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। रूबियो ने कहा कि दशकों की खराब आर्थिक नीतियों और कुप्रबंधन की वजह से क्यूबा का आर्थिक मॉडल लगभग टूट चुका है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004



# कॉमेडी को जीवंत बना देते हैं वरुण धवन: पूजा हेगड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अभिनेता वरुण धवन के साथ फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करने के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा है कि वरुण अपनी ऊर्जा और कॉमिक टाइमिग से पूरे सेट को जीवंत बना देते हैं। पूजा और वरुण निर्देशक डेविड धवन की आगामी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में साथ नजर आएंगे। पूजा का कहना है कि वरुण के साथ स्क्रीन साझा करना एक अलग तरह का अनुभव रहा, क्योंकि उनकी ऊर्जा का स्तर लगातार ऊंचा रहता है।उन्होंने कहा कि वरुण हमेशा पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। टेक्स के बीच भी वह कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं, डांस करते हैं, मजाक करते हैं या किसी दृश्य को अलग अंदाज में निभाने का प्रयास करते हैं। वह कभी भी सेट की ऊर्जा को कम नहीं होने देते और इसका असर पूरी टीम पर पड़ता है।

## जापान में तूफान ने मचाई तबाही 60000 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित

**टोक्यो।** उष्णकटिबंधीय भीषण तूफान जोंगमी के चलते तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने बुधवार सुबह जापान के विभिन्न हिस्सों में कहर बरपाया जिससे लगभग 60 हजार से घर प्रभावित हुए हैं। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि तूफान का केंद्र मुख्य मध्य द्वीप होंशू से दूर था, जो 25 मीटर प्रति सेकंड की अधिकतम निरंतर हवा की गति के साथ उत्तर-पूर्व में ग्रेटर टोक्यो क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था। एजेंसी ने यह भी कहा कि प्रशांत तट के किनारे स्थित कुछ क्षेत्रों में 'भयावह प्राकृतिक आपदाओं' के कारण यहां रखना खतरनाक होता जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता मिनोरू किहारा ने नियमित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस सीजन का यह छठा चक्रवाती तूफान है। इसके स्तर को कम कर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल दिया गया था, उसका केंद्रीय दबाव 980 एचपीए है। इसकी वजह से लगभग 60,000 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन
लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग

डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499